हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 10 अप्रैल 2025



# कांग्रेस का नया फार्मूला: हर दो दर्जन बूथ पर बनाएंगे एक मंडल, धरना प्रदर्शन में ना शामिल होने वाले नेताओं की जानकारी सीधे भेजेंगे दिल्ली

**लगातार कमजोर होते संगठन को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर बन रही नई रणनीति**

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

विधानसभा व लोकसभा के बाद नगरीय निकाय चुनाव में हार का सामना करने वाली कांग्रेस अब अपने सुधार में जुट गई है। जमीनी स्तर तक अपनी पकड़ मजबूत बनाने के लिए अब कांग्रेस हर 20 से 30 बूथ में एक मंडल का गठन करेगी।

इसके साथ ही ब्लॉक से लेकर जिला एवं प्रदेश स्तर पर होने वाले धरना-प्रदर्शन में ना शामिल होने वाले नेताओं की जानकारी भी राष्ट्रीय संगठन तक भेजी जाएगी। वहीं सोशल मीडिया पर भी कांग्रेस की स्थिति को मजबूत बनाने की दिशा में काम किया जाएगा।

### महासचिव संभालेगा सोशल मीडिया

बताया गया कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर कांग्रेस की स्थिति को मजबूत बनाने के लिए भी प्लानिंग तैयार की गई है। जिसके तहत जिला संगठन में महासचिव स्तर के एक पदाधिकारी को इसकी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। वहीं हर सोशल मीडिया प्लेटफार्म के लिए पांच-पांच सदस्यों की टीम बनाई जाएगी। सोशल मीडिया के जरिये कांग्रेस की उपलब्धियों एवं मौजूदा विपक्षी सरकार के खिलाफ पोस्ट किए जाएंगे।




**नेताओं को व्यवहार सुधारने हिदायत :** जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने बताया कि बैठक के दौरान यह शिकायत सामने आई कि सत्ता आने पर सत्ताधारी नेताओं एवं संगठन में समन्वय नहीं रहता। सत्ता में शामिल नेता संगठन के लोगों को सम्मान नहीं देते। इसके अलावा बड़े पद पर पहुंचने के बाद नेताओं के कार्यकर्ताओं से व्यवहार को लेकर भी शिकायत हुई, जिस पर राहुल गांधी ने साफतौर पर कहा कि सभी नेताओं को अपने कार्यकर्ताओं से बात करने एवं मिलने का तरीका सुधारना चाहिए।

### अध्यक्ष होंगे पावरफुल

जिला अध्यक्ष को अब और भी शक्तिशाली बनाने की दिशा में कांग्रेस काम करेगी। बैठक के दौरान बताया गया कि आने वाले लोकसभा व विधानसभा के साथ ही सभी चुनाव में प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया के दौरान भी स्क्रीनिंग कमेटी में जिलाध्यक्ष को स्थान दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि देशभर में कांग्रेस की स्थिति को मजबूत करने की दिशा में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी देशभर के कांग्रेसी जिला अध्यक्षों से मुलाकात कर रहे हैं। इस मुलाकात के जरिये वे उनकी स्थिति जानने के साथ ही आगे आने वाले समय में कांग्रेस की प्लानिंग को जमीन पर उतारने के निर्देश भी दे रहे हैं। इसी बैठक के तहत राजनांदगांव जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा तीन अप्रैल शुक्रवार को दिल्ली में आयोजित इस बैठक में शामिल हुए। इस बैठक में राहुल गांधी के साथ ही राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खड़गे, महासचिव वेणुगोपाल राव एवं भूपेश बघेल भी रहे। इस बैठक में ही कई निर्देश जिला संगठन के संचालन को लेकर दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### बारिश के आसार

**राजनांदगांव।** मौसम में बदलाव के चलते एक चिन्हित निम्न दाब का क्षेत्र पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे लगे दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित है। इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मध्य क्षोभमंडल तक विस्तारित है। कल 10 अप्रैल तक इसके उत्तर-उत्तर-पूर्व दिशा में आगे बढ़ने की सम्भावना है। एक द्रोणिका पश्चिम राजस्थान से उत्तर पश्चिम विदर्भ तक विस्तारित है। दूसरा द्रोणिका दक्षिण पूर्व मध्य प्रदेश से छत्तीसगढ़ होते हुए गंगेटिक पश्चिम बंगाल तक विस्तारित है। प्रदेश में कल एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के छींटे पड़ने की सम्भावना है।



Ajay Advt.

**2019 से पहले पंजीकृत वाहनों में बदलाव कराना अनिवार्य**

# हाई सिक्योरिटी नंबर में लिंक हो रहा सभी वाहन चालकों का मोबाइल नंबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दुर्घटना के बाद वाहन छोडकर फरार होने पर चालकों की अब खैर नहीं होगी। हाई सिक्योरिटी नंबर देने के साथ ही उसमें वाहन मालिकों को मोबाइल नंबर भी लिंक किया जा रहा है। इस मोबाइल नंबर के जरिये पलभर में यातायात पुलिस वाहन चालकों से संपर्क कर सकेगी। वहीं मोबाइल नंबर में ही चालानी कार्रवाई भी भेजने की तैयारी है। मोबाइल नंबर लिंक होने से सेकंड पार्टी की जानकारी मिल जाएगी और बीमा मुआवजा मिलने में आसानी होगी।

जानकारी के अनुसार जिले में अब तक 443 वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर लग चुका है। करीब 440 प्रकरण होल्ड में है। वहीं 1398 लोगों ने नंबर लगाने अप्वाइंटमेंट ले रखा है। अफसरों ने बताया कि इसे वेबसाइड में जाकर ऑनलाइन भी आवेदन कर सकते हैं। वहीं दूसरा विकल्प सभी शोरूम में भी दिया गया है, जहां से नंबर लगा सकेंगे। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के परिवहन विभाग द्वारा एक अप्रैल 2019 के पहले खरीदे गए वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। अगर आगामी 31 के बाद नंबर नहीं मिलेगा तो चालानी कार्रवाई होगी। यही नहीं इसके बिना वाहनों का फिटनेश भी नहीं होगा। इसके लिए विभाग ने दोपहिया, तीन और चार पहिया सहित हैवी वाहनों के लिए राशि निर्धारित कर दिए गए हैं। वही सभी वाहनों में पंद्रह फीसदी जीएसटी भी जोड़ा गया है। वहीं नंबर लगाने सौ रुपए अलग से खर्च करने होंगे।




### ऑनलाइन प्रक्रिया से होगा पंजीयन

हाई सिक्योरिटी नंबर के लिए अधिकृत कंपनी के कर्मचारी का कहना है कि वाहन चालक चाहे तो ऑनलाइन नंबर ले सकते हैं अथवा इसके लिए हीरो, होंडा, टीवीएस सहित अन्य शोरूम को भी चयनित किए गए हैं, जहां नंबर लगाने की सुविधा और भुगतान यहां किया जा सकता है।

### नंबर बगैर फिटनेस भी नहीं होगा

राज्य शासन के आदेश में साफ है कि बगैर हाई सिक्योरिटी नंबर के किसी भी वाहनों का फिटनेश नहीं करना है। परिवहन विभाग द्वारा राज्य में 1 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत प्रत्येक वाहनों पर उच्च सुरक्षा पंजीयन चिन्ह लगाना अनिवार्य है। जिला परिवहन अधिकारी एसएल लकड़ा ने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा इसकी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इसमें ऑनलाइन राशि का भुगतान होगा। वहीं नंबर प्लेट जारी करने के बाद इसे लगाया जाएगा। विभाग ने अधिक जानकारी के लिए परिवहन विभाग की अधिकारिक वेबसाईट भी जारी कर दी है।

### इस तरह निर्धारित की गई राशि

हाई सिक्योरिटी नंबर वर्ष 2019 के बाद लगकर आ रही है, लेकिन इससे पहले के वाहनों के लिए दर निर्धारित की गई है। इनमें दोपहिया वाहन के लिए बेसा प्राइस 310 रुपए व जीएसटी 55.80 रुपए कुल 365.80 रुपए, तीन पहिया वाहनों के लिए 362 व जीएसटी 65.16 कुल 427.16 रुपए, एलएमवी 556 रुपए व जीएसटी 100.08 रुपए कुल 656.08 रुपए और हेवी कमर्शियल 598 व जीएसटी 107.64 रुपए कुल 705.64 रुपए निर्धारित किया गया है। प्रत्येक इंस्टॉलेशन के लिए 100 रुपए अतिरिक्त चार्ज के साथ लगाया जाएगा।

# जुआ खेलने तीन जिले से शामिल हुए थे जुआरी

- जुआरियों में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जुआ-सट्टा के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस की संयुक्त टीम ने ग्राम बरगाही बांध के पास रेड कार्रवाई कर जुआ खेल रहे चार आरोपियों को पकड़ा।

आरोपियों के पास से नगदी रकम 17,422 रुपए व कार, बाइक एवं 4 मोबाइल बरामद कर कार्रवाई की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार घुमका थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस की संयुक्त टीम ने ग्राम बरगाही बांध के पास दबिश देकर यहां ताश पत्ती से जुआ खेल रहे आरोपियों को पकड़ा। पुलिस की मौके पर दबिश से जुआ खेल रहे आरोपियों में हड़कंप मच गया था।




### चार आरोपी पकड़ाए

पुलिस ने मौके पर आरोपी अनिल टंडन पिता भागीरथी टंडन 38 वर्ष निवासी सीताडाबरी थाना छुईखदान, रूपेश वर्मा पिता भीखन वर्मा 45 वर्ष निवासी जोगीगुफा ओपी लीटिया थाना बोरी जिला दुर्ग, इमरान खान पिता दरबारूदीन खान 28 वर्ष साकिन वार्ड नं. 1 थाना खैरागढ़ एवं कलाराम साहू पिता संतूराम साहू 43 वर्ष निवासी कुकुरमुंडा थाना छुईखदान को पकड़ा।

### कार, बाइक सहित 4 मोबाइल जब्त

आरोपियों से कुल 17422 रुपए नगद, 52 पत्ती ताश, एक कार, एक नग मोटर साइकिल, 4 मोबाइल को जब्त कर आरोपियों के खिलाफ छग जुआ प्रतिषेध अधि. 2022 की धारा 3(2) के तहत कार्रवाई किया गया है। उक्त कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी दिलीप सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन में प्रशिक्षु भा.पु.से. ईशु अग्रवाल थाना लालबाग, चौकी तुमडीबोड़ प्रभारी, थाना घुमका, उप निरीक्षक खेदूराम की सराहनीय भूमिका रही।

# फार्म हाउस में शराब, होलोग्राम सप्लाई करने का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ क्षेत्रांतर्गत ग्राम करवारी-लतमर्रा जाने वाली कच्ची रास्ते में स्थित फार्म हाऊस में शराब के डंप होलोग्राम, स्टीकर एवं ढक्कन पुलिस ने बरामद किया था। इस मामले में पूर्व में पुलिस 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। होलोग्राम सप्लाई करने के मामले में एक और आरोपी को नागपुर से पकड़कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस के अनुसार 29 मार्च को थाना डोंगरगढ़ क्षेत्रांतर्गत ग्राम करवारी-लतमर्रा जाने वाली कच्ची रास्ते में स्थित रोहित नेताम उर्फ सोनू के फार्म हाउस में भारी मात्रा में मध्यप्रदेश की शराब 432 पेटी कीमती 27,32670 रुपए का एवं घटनास्थल से खाली शीशी, गोवा व्हीस्की का स्टीकर, होलोग्राम का बंडल एवं अन्य सामग्री को जब्त करने में डोंगरगढ़ पुलिस को सफलता मिली थी।

⏩ शेष पेज 12 पर



### दर्जनभर से अधिक पर कार्रवाई

पूर्व में फार्म हाउस मालिक सहित कुल 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। जिसमें से 11 आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। फार्म हाउस के मालिक रोहित नेताम उर्फ सोनू एवं नंदकिशोर उर्फ नीतु वर्मा उर्फ छोटा कट्टी को पुलिस रिमांड में लेकर पूछताछ कर प्रकरण में संलिप्त अन्य आरोपियों का पता तलाश कर लगातार गिरफ्तारी की कार्रवाई की जा रही है।

# जिपं सभापति के चुनाव में कांग्रेस ने नहीं उतारे प्रत्याशी, निर्विरोध चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला पंचायत राजनांदगांव में सभापति का चुनाव पूरा कर लिया गया है। बुधवार को की गई इस प्रक्रिया में कांग्रेस ने अपने प्रत्याशी ही मैदान में नहीं उतारे। जिसके चलते निर्विरोध ही चयन कर लिया गया। दस सभापति में केवल दो ही पुरूष को स्थान दिया गया है। वहीं शेष आठ पर महिलाओं को सभापति नियुक्त किया गया है। वहीं कांग्रेस से महेन्द्र यादव एवं अंगेश्वर देशमुख को सदस्य बनाया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार जिला पंचायत राजनांदगांव में दस सभापति के चुनाव बुधवार को कराना तय किया गया था। इसमें नामांकन के बाद मतदान की प्रक्रिया होनी थी, लेकिन कांग्रेस द्वारा किसी भी पद को लेकर अपने प्रत्याशी मैदान में नहीं उतारे जाने के चलते मतदान की स्थिति ही निर्मित नहीं हुई, बल्कि सभी दस पदों पर निर्विरोध चयन कर लिया गया।

सामान्य प्रशासन समिति में सभापति किरण रविन्द्र वैष्णव, शिक्षा स्थायी समिति में किरण साहू, कृषि स्थायी समिति जागृति यदु, संचार तथा संकर्म स्थायी समिति देवकुमारी साहू, सहकारिता और उद्योग स्थायी समिति अनिता मंडावी, स्वच्छता एवं स्वास्थ, खनिज स्थायी समिति किरण विनोद बारले, महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण स्थायी समिति शीला टाकेश सिन्हा, वन एवं जैव प्रौद्यागिकी स्थायी समिति प्रशांत कोड़ापे, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन स्थायी समिति बीरमबाई मंडावी और राजस्व एवं आपदा प्रबंधन समिति में गोपाल भुआर्य को सभापति नियुक्त किया गया है।




**आयोजन में 3 हजार से अधिक समाज के लोग हुए शामिल**

# विश्व शांति के लिए तीन हजार लोगों ने एक साथ किया नवकार मंत्र जाप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्री सकल जैन समाज द्वारा 6 अप्रैल से 10 अप्रैल तक पांच दिवसीय भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इसी कड़ी में आज आयोजन के चौथे दिन विश्व शांति, विश्व एकता, समरस्ता और सद्भाव को लेकर सामूहिक नवकार मंत्र जाप का आयोजन किया गया। इस आयोजन में ऑनलाइन माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जुड़े और समाज के लोगों को संबोधित किया। श्री महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति द्वारा स्थानीय दादाबाड़ी जैन बागीचे में आज नवकार दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन में लगभग 3 हजार से अधिक समाज के लोग शामिल हुए और सामूहिक नवकार मंत्र जाप किया। इस आयोजन में सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसपी मोहित गर्ग समाज के मनोज बैद, अध्यक्ष सकल जैन समाज अजय सिंघी सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।






### एकता और सद्भावना का दिया संदेश

एकता और सद्भभावना का वैश्विक संदेश देने आयोजित विश्व नवकार दिवस पर 108 देशों और भारत के 6 हजार से अधिक स्थानों में नवकार महामंत्र का जाप हुआ। सकल जैन श्री संघ के अध्यक्ष मनोज बैद्ध ने बताया कि इस आयोजन में लगभग 3 हजार लोग शामिल हुए।

### देशहितार्थ जाप

विश्व नवकार महामंत्र दिवस में शामिल होने पहुंचे सांसद संतोष पांडे ने कहा कि एक साथ समूह में नवकार जाप हुआ है। इसमें प्रधानमंत्री भी जुड़े, जब हम एक साथ जाप करते हैं तो एकता प्रदर्शित होती है। इस देश की सुख, समृद्धि और शांति के लिए देशहितार्थ में यह जाप हुआ है।

**प्रधानमंत्री ने किया संबोधित :** नवकार दिवस आयोजन में ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये जुड़े प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवकार महामंत्र दिवस का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नवकार महामंत्र सिर्फ एक मंत्र नहीं है, यह हमारी आस्था का मूल है। विनम्रता, शांति और सार्वभौमिक सद्भाव का प्रतीक है। पंच परमेष्ठी की वंदना के साथ नवकार महामंत्र सही ज्ञान, धारणा और आचरण एवं मोक्ष की ओर ले जाने वाले मार्ग का प्रतीक है। जलवायु परिवर्तन आज का सबसे बड़ा संकट है और इसका समाधान एक सुव्यवस्थित जीवन शैली है। जिसका जैन समुदाय सदियों से पालन करता आ रहा है और यह भारत के मिशन लाइफ के अनुरूप है।



## खबर संक्षेप

### हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजन 12 को

**टेडेसरा।** हनुमान जन्म उत्सव के अवसर पर आगामी 12 अप्रैल को इन्दावानी में प्रातः 9 बजे बाइक रैली का आयोजन किया गया है। दोपहर 12 बजे से पूजा अर्चना हवन के बाद शाम 5 बजे से प्रसादी वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर लोक महोत्सव के आयोजन क्रम में मां भानेश्वरी मानस परिवार सिंघोला, लोक चिन्हारी भरथरी सिकोसा, जय मां सरस्वती रामधुनी मंडली खुर्सीपार तथा जय मां शेरावाली बालिका जस परिवार इन्दावानी का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी पिताम्बर साहू ने दी।

### नशाखोरी को बढ़ावा दे रही सरकार : पाटिला



**डोंगरगढ़।** पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस शासन काल में शराबबंदी को लेकर विरोध प्रदर्शन करने वाली भाजपा शराब दुकान की संख्या को बढ़ाकर लोगों को नशाखोर बनाने में लगी है। उन्होंने कहा कि धर्म नगरी से 5 किमी दूर अवैध शराब का जखीरा मिला है। इस मामले से जुडे कोचिया और छोटे तबके के लोगों को आरोपी बना कर सरकार अपनी नाकामी पर पर्दा डालने का प्रयास कर रही है जबकि इस मामले में कई दिग्गजों और प्रभावशाली लोगों का नाम सामने आ रहा है जिन पर कार्रवाई नहीं किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि शहर में अवैध शराब का व्यापार बेरोकटोक चल रहा है। वर्तमान में जो आरोपी पकडे गए हैं।उनमे से एक शहर में खुले आम शराब बेचता है। वहीं एक अन्य थाना से से महज 100 से 200 मीटर की दूरी पर शराब बेचता है। श्री पाटिला ने इस मामले में प्रशासन की कार्यवाही पर सवाल उठाया है।

### सीनियर छात्रों को विदाई



**डोंगरगढ़।** डॉ अंबेडकर आदिवासी आवासीय विद्यालय बछेराभाटा में गत दिनों विदाई समारोह आयोजित किया गया। प्राचार्य एसजी मेश्राम एवं अधीक्षिका तरुण मणि ठाकुर, शिक्षिका गीतेश्वरी यादव, कृष्णा साहू, मेरी रोशन, साकेत रजक कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रारंभ में कक्षा सातवीं के छात्रों ने कक्षा आठवीं के छात्रों का सम्मान करते हुए पेन और श्रीफल भेंट किया। आठवीं के छात्रों ने विद्यालय को स्मृति स्वरूप उपहार भेंट किया। आठवीं के छात्रों ने विद्यालय में बिताए तीन वर्षों की यादें साझा किया। छात्रों ने कहा कि उन्हें शिक्षकों ने जो सिखाया है उसका भविष्य में पालन करेंगे। तत्पश्चात प्रधानाचार्य श्री मेश्राम ने कहा कि अभी आप विद्यार्थी हैं। पढ़ लिखकर कोई कहीं और कोई कहीं और होगा, लेकिन आप लोग हमारे लिए हमेशा विद्यार्थी ही रहेंगे। अंत में शाला परिवार ने स्मृति के रूप में फोटो सेशन कराया।

### वर्षा लिल्हारे बनी डॉक्टर



**डोंगरगढ़।** केंद्रीय विद्यालय डोंगरगढ़ की छात्रा रही वर्षा लिल्हारे कड़ी मेहनत, समर्पण और प्रयासों से डॉक्टर बनने में कामयाब हुई। वर्षा की सफलता को समाज के लिए गर्व का विषय बताते हुए लोधी प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी ने उन्हे बधाई दी है।

### नवोदय विद्यालय के लिए भावेश चयनित



**अर्जुनी।** जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा नवमीं में प्रवेश के लिए पूर्व माध्यमिक शाला किरगी ब के होनहार छात्र भावेश साहू पिता मानस साहू का चयन हुआ है। वह अपने माता-पिता, प्रधानपाठक कमला सिन्हा एवं शिक्षक प्रदीप वर्मा के सतत मार्ग दर्शन में सफल हुआ है।

भावेश को शाला समिति के अध्यक्ष भोलाराम पटेल, सरपंच इंद्राणी, उप सरपंच रूखमणी निषाद, मामेश साहू, शिक्षक एनडी देशलहरे, अजय साहू, दुष्यंत साहू, सोमेश्वर साहू ने बधाई दी है।

### छात्रों का एनडीएलआई क्लब में पंजीयन



**गंडई पंडरिया।** शासकीय महाविद्यालय गंडई के कंप्यूटर साइंस विभाग ने नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया पर ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान एनडीएलआई क्लब में पंजीकरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन छात्रों को डिजिटल अध्ययन संसाधनों से परिचित कराने के लिए किया गया था। मुख्य वक्ता कम्प्यूटर विभागाध्यक्ष दीपांशु यादव ने एनडीएलआई की सेवाओं और उपयोगिता पर प्रकाश डाला। लाइब्रेरियन हेमंत मिश्रा ने कार्यक्रम के संयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक टीएल वर्मा, गौरव जैन और शुभम दुबे उपस्थित थे। कार्यक्रम में 100 से अधिक छात्रों ने एनडीएलआई क्लब में अपना पंजीकरण कराया।

### योजना की पुस्तक वितरित



**छुईखदान।** आदिम जाति तथा अनु जाति विकास, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के निर्देशानुसार अल्पसंख्यकों के विकास के लिए भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की पुस्तक एवं लघु पुस्तिका का नगर में निःशुल्क वितरण किया गया। अल्पसंख्यक समुदाय के विकास हेतु संचालित योजनाओं की पुस्तक वितरण के समय जिला मुस्लिम समाज के अध्यक्ष सज्जाक खान, छुईखदान मुस्लिम समाज के अध्यक्ष शेख निजमुद्दीन, खजांची शेख इब्राहिम, हाजी मोहम्मद, सरवर, हाजी आमिर खान, आशु खान, मो अख्तर सोलंकी, रेहान खान बाबा, मो आज़म खान, मो अर्श, हितेशसिंह, सुरेश चंदेल सहित अन्य उपस्थित थे।

### कर्मा जयंती समारोह आज

**तुमड़ीबोड़।** ग्राम में कल 10 अप्रैल को ग्रामीण स्तरीय कर्मा जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के तहत भव्य शोभायात्रा निकालकर ग्राम भ्रमण किया जाएगा। शाम को 4 बजे अतिथियों के उद्बोधन बाद नवनिर्वाचित सामाजिक पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान किया जाएगा। इस मौके पर सामाजिक बच्चियों द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। अंत में शाम 7 बजे भोजन भंडारा का आयोजन किया गया है।

### आयोजनों में जैन समुदाय सहित अन्य ने लिया हिस्सा, सामूहिक जाप से माहौल हुआ भक्तिमय

# विश्व कल्याण के लिए नवकार मंत्र का जाप





हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

जीतो के आह्वान पर बुधवार को श्रद्धा के साथ विश्व नवकार दिवस मनाया गया।। विश्व कल्याण और शांति की भावना के साथ एक घंटे 35 मिनट तक लोगों ने अनवरत नवकार मंत्र का जाप किया। विश्व व्यापी इस आयोजन मे जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, जनपद के पूर्व उपाध्यक्ष सुयश नाहटा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता, पूर्व उपाध्यक्ष ललित लोढ़ा सहित बड़ी संख्या में जैन समुदाय के श्रावक श्रविकाएं शामिल हुए।

विश्व नवकार दिवस के मौके पर जीतो के आह्वान पर इस कार्यक्रम का आयोजन ओसवाल भवन परिसर में रखा गया था। उल्लेखनीय है कि जैन धर्म के महत्वपूर्ण नवकार मंत्र को अनादि और अक्षय स्वरूपी माना जाता है। यह एक ऐसा मंत्र हैं जिसका कोई रचयिता नहीं है। इस मंत्र में अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु को नमस्कार किया जाता है। श्री वर्धमान स्थानक भवन मे सुबह 8.01 से 9.36 बजे तक नवकार मंत्र का जाप किया गया। इस आयोजन में दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष सतीश लल्ली, भाजपा अध्यक्ष दीना पटेल, पार्षद प्रियंक जैन, प्रफुल्ल जैन, प्रबोध जैन, किशोर बोहरा, जिनेन्द्र जैन, परसमल लोढ़ा, हेमंत चोपड़ा, हरीश गांधी, मनीष बोहरा, वैभव महेश्वरी, दिनेश गुप्ता, उत्तमचंद नाहटा, इंदरचंद लोढ़ा, धरमचंद बोथरा, मनीष सोनी, रमन नाहटा, संदीप लोढ़ा, रानूलाल कोचर, शीतल लोढ़ा, योगेश गोलछा, अरुणा नाहटा, पिंकी लोढ़ा, श्रद्धा बोहरा, मधु लोढ़ा, अशोक बोहरा, अक्षय जैन, संदीप जैन, प्रमोद जैन, श्वेता जैन, पुष्पा कोचर, सुनीता नखत, श्वेता जैन, नीलम, अरुण जैन, अखिलेश नखत, स्वतंत्र जैन, ओमप्रकाश, रामकुमार, अंजू त्रिपाठी, राशि, राजश्री, विमल जैन, राजकुमार जैन, गौरव नखत, प्रबोध जैन सहित अन्य बड़ी संख्या में मौजूद थे।

#### महावीर जन्म कल्याणक आज

आयोजन की कड़ी में कल 10 अप्रैल को श्री सकल जैन समाज और श्री महावीर जन्म कल्याणक समिति के तत्वावधान में भक्ति के साथ जन्म कल्याणक मनाया जाएगा। इस मौके पर सुबह छः बजे श्री ओसवाल स्थानक भवन से प्रभातफेरी निकाली जाएगी। सुबह 8 बजे शोभायात्रा निकाला जाएगा। शाम को 7.30 बजे से जैन भवन मे सांस्कृतिक प्रस्तुति होगी।

### नवकार दिवस पर महिलाओं ने किया सेवा का कार्य

**डोंगरगढ़।** विश्व णमोकार दिवसबके मौके पर भारत सहित 130 देशों में प्रातः 8.01बजे से 9.36 बजे तक णमोकार मंत्र का जाप किया गया। इसी तारतम्य में श्री सकल जैन समाज के तत्वावधान में श्री दिगम्बर जैन मंदिर में णमोकार मंत्र का जाप हुआ। आयोजन में सम्पूर्ण समाज ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में श्री दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष अनिल जैन, कोषाध्यक्ष जय कुमार जैन, सचिव यतीश कुमार जैन आदि बड़ी संख्या में शामिल हुए। अंत में मेवा मिष्ठान वितरित किया गया। विश्व नवकार दिवस के मौके पर जागृति महिला मंडल की महिलाओं ने सेवा कार्य करते हुए शासकीय हास्पिटल, अंबेडकर आवासीय विद्यालय और वृद्धाश्रम में जाकर फल वितरित किया। महिलाओं ने हास्पिटल में भर्ती मरीजों से कुशलक्षेम पूछते हुए शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना किया। इस मौके पर साक्षी जैन, अरूणा जैन, विनीता जैन, पलक जैन, अनिता जैन, खुशबू जैन, शालिनी जैन, अमित जैन, निखिल जैन आदि मौजूद थे।



# सुशासन तिहार में उमड़े फरियादी, पहले दो दिन में 461 आवेदन जमा

**सरकार के निर्देश पर शहर में शिविर का आयोजन**




हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

राज्य शासन के महत्वाकांक्षी सुशासन तिहार के तहत नगर पंचायत क्षेत्र में आयोजित समाधान शिविर में पहले दो दिनों में नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नगर पंचायत ने गांधी चौक पंडरिया, कुम्हार समाज भवन टिकरीपारा और नगर पंचायत कार्यालय में शिविर का आयोजन किया था जिसमें दूसरे दिन कुल 381 आवेदन प्राप्त हुए।

गांधी चौक पंडरिया में आयोजित शिविर में वार्ड 1 से 7 तक के नागरिकों ने मांगों और शिकायतों को लेकर आवेदन जमा किया। इसी प्रकार कुम्हार समाज भवन टिकरीपारा में वार्ड 8 से 15 तक के लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। आवेदकों ने मांगों और शिकायतों का आवेदन समाधान पेटी में डाला और शिविर में दर्ज कराया। जानकारी के अनुसार गांधी चौक पंडरिया में आयोजित शिविर में 198 आवेदन प्राप्त हुए। इसी प्रकार कुम्हार समाज भवन टिकरीपारा में 88, नगर पंचायत गंडई में 65 आवेदन प्राप्त हुआ। पहले दो दिनों में कुल 461 आवेदन निकाय को प्राप्त हुए हैं। शिविर के पहले दिन कुल 80 आवेदन निकाय को प्राप्त हुए थे। समाधान शिविर का पहला चरण 11 अप्रैल तक चलेगा।

इस दौरान नागरिक अपनी मांग और शिकायत संबंधी आवेदन जमा कर सकते हैं। दूसरे चरण में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा कर निराकरण किया जाएगा। शिविर में युगल ताम्रकर, जितेंद्र बंजारे, राजा पटौती, रमेश यादव, राजमणि शर्मा, चन्द्रमणि यादव मौजूद थे। निकाय के भुनेश पटेल और सरस्वती देवांगन द्वारा आवेदनों की ऑनलाइन एंट्री किया जा रहा है।

#### सुशासन तिहार को बेहतर प्रतिसाद



**सड़क अतरिया।** भाजपा सरकार के सुशासन तिहार को लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। ग्रामीण अपनी समस्या को लेकर पंचायत भवन पहुंच रहे हैं तथा निर्धारित प्रारूप में समस्या लिखकर समाधान पेटी में डाल रहें हैं। ज्यादातर पंचायत में पेयजल, आवास, महतारी वंदन, पीएम किसान सम्मान निधि को लेकर आवेदन जमा हो रहे हैं। ग्रामीणों से आवेदन आगामी 11 अप्रैल तक लिया जाएगा। आवेदनों का समाधान माह भर के अंदर किया जाएगा। सुशासन तिहार का लाभ दिलाने के लिए पंचायत, जनपद एवं जिला पंचायत के प्रतिनिधि ग्रामीणों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सरकार की योजना का लाभ पाना प्रत्येक पात्र ग्रामीण का अधिकार है। किसी कारणवश योजना के लाभ पाने से वंचित हो रहा है तो सुशासन तिहार के तहत आवेदन देकर लाभ प्राप्त कर सकता है।

### आवेदन लेने जुटा पालिका प्रशासन



**डोंगरगढ़।** राज्य सरकार के निर्देश पर सुशासन त्योहार के तहत नगर पालिका परिसद द्वारा आगामी 11 अप्रैल तक 24 वार्ड में शिविर लगाकर समस्याओं के आवेदन लिया जाएगा। शिविर में शामिल होकर लोग मांग, समस्या आदि को लेकर आवेदन दे रहे है। शिविर में प्रभारी सहित पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, सभापति डी एकेश राव, अनिता इंदुलकर, हरिश भंडारी, विक्की भाटिया, बापी घोष आदि उपस्थित थे।

# वनांचल में गहराया जल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

गर्मी बढ़ने के साथ वनांचल में पेय एवं निस्तारी जल की समस्या गंभीर होने लगी है। तालाब सूख गए हैं। हैंड पम्प दम तोड़ चुके है। ज्यादातर गांव के ग्रामीण नल जल योजना के पूरा होने का इंतजार कर रहे हैं परन्तु विभाग की अनदेखी और ठेकेदार की मनमानी के चलते कहीं टंकी का निर्माण तो कही पाईप लाईन का कार्य अधूरा है। बुधवार को जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा ने पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के साथ कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा के नाम आवेदन सौंप कर जल की व्यवस्था कराने की मांग किया है।

वर्मा ने बताया कि ग्राम भदेरा, बेलगांव, सिंगारपुर, चुचरूंगपुर, मगरकुंड़, मोहगांव सहित अन्य गांव में पेयजल समस्या गंभीर हो गई है। नदी, नाला, तालाब सूख जाने से ग्रामीण एवं मवेशियों के लिए पानी नहीं है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में नल जल योजना का काम जारी है परन्तु कहीं टंकी का निर्माण तो कही पाईप लाईन विस्तार कार्य अधूरा है। विभाग के अधिकारी जानकारी देने पर कार्य पूरा कराने के बजाए टाल मटोल कर रहे हैं। ठेकेदार कछुआ गति से काम कर रहे हैं जिससे ग्रामीणों को जल संकट से जूझना पड़ रहा है। आवेदन देने के दौरान जनपद सदस्य प्रेमलाल साहू, सरपंच अमरलाल मेरावी, नरसिंग साहू, मधुराम सिन्हा, नाथुराम मिर्चे, रोहित यादव, कैलाशसिंह चन्द्रवंशी सहित अन्य मौजूद थे। जिला पंचायत सदस्य श्री वर्मा ने बताया कि वनांचल के आधा दर्जन से अधिक गांव में जल समस्या गंभीर हो गई है। नल जल योजना का क्रियान्वयन नहीं होने के कारण ग्रामीणों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।

#### पानी के लिए कतार

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में दो तीन बोर हैं जिससे अब तक पानी निकल रहा है। शेष साधनों का भूजल गिर गया है। पेयजल के लिए सुबह शाम लंबी कतार लगी रहती है। लोगों को पानी के लिए लंबी दूरी तय करना पड़ रहा है। पानी की कमी के चलते बाड़ी में लगी फसल चौपट हो रही है। मवेशियों को भी पानी के लिए जद्दोजहद करना पड़ रहा है।



# ढाबा के ग्रामीणों ने रखी अपनी मांगें और समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गांव चलो घर चलो अभियान के तहत ग्राम ढाबा के बूथ क्रमांक 51 में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्मन ताम्रकार, शक्ति केंद्र प्रभारी राकेश ताम्रकार ग्रामीणो के बीच पहुँचे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर जिला पंचायत चुनाव में मिली जीत के लिए भार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में ग्रामीणों ने समस्याएं, मांग और शिकायतें रखीं। ग्राम ढाबा में हाई स्कूल का हायर सेकेंडरी में उन्नयन, हाई स्कूल की अधूरी बाउंड्री वॉल को पूरा कराने की मांग मिली। श्री ताम्रकार ने इन मांगों को पूरा कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने जनसमुदाय को सुशासन तिहार और राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर सरपंच हेमंत वर्मा, हाई स्कूल के अध्यक्ष बोधराज देवांगन, उप सरपंच पुखराज धुर्वे, बूथ अध्यक्ष नीलम वर्मा, मिडिल स्कूल अध्यक्ष मुकेश वर्मा, लेखन वर्मा, सुखदेव यादव, जागेश्वर वर्मा, दानीदास मणिकपुरी, दयाराम, टिकेंद्र धुर्वे, पूरन वर्मा, दिलेश्वर वर्मा, कचरू मंडावी, पुरुषोत्तम वर्मा, अर्जुन यादव, सीतलाल पटेल, श्रीराम यादव, फागुन खुसरो, जगतराम साहू, सूरज वर्मा, दुर्जन वर्मा, रामसाय साहू, गिरजानंद वर्मा, दौलत साहू, रामसिंह वर्मा, शिवकुमार वर्मा सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

पृष्ठ 11 का शेष

### फार्म हाउस में...

प्रकरण में आरोपी रोहित उर्फ सोनू नेताम को होलोग्राम, स्टीकर, ढक्कन उपलब्ध कराने वाले आरोपी मनोज जसाराम तिड़के पिता जसाराम तिड़के 42 साल निवासी न्यू लक्ष्मी नगर गोंदिया थाना रामनगर जिला गोंदिया को 7 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा था। आरोपी मनोज तिड़के को गिरफ्तारी के दौरान पूछताछ करने पर पता चला कि नागपुर निवासी चंदन ममतानी द्वारा नकली स्टीकर एवं होलोग्राम उपलब्ध कराता था। **नागपुर से पकड़ा-** आरोपी चंदन ममतानी पिता कन्हैया लाल 53 साल निवासी अथर्ववेद-3 दीक्षित नगर नारी रोड थाना कपिल नगर नागपुर का पता तलाश कर नागपुर से हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। पूछताछ पर पुलिस को बताया कि आरोपी चंदन ममतानी मनोज तिड़के को कमीशन पर नकली स्टीकर एवं होलोग्राम उपलब्ध कराता था। आरोपी के पास रखे एक थैला से सेम्पल बतौर रखे नकली एवं होलोग्राम साथ ही 7 नग मोबाइल को जब्त किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार प्रकरण के मुख्य आरोपी रोहित उर्फ सोनू नेताम को पुलिस रिमांड में लेकर प्रकरण में अन्य लोगों की संलिप्तता एवं प्रकरण से संबंधित अन्य तत्थों पर पूछताछ किया गया, जिस पर आरोपी रोहित उर्फ सोनू नेताम के घर से एक नोट गिनने की मशीन जब्त किया गया है। मामले में जांच पड़ताल जारी है।

# बिना अनुमति के शिविर का आयोजन

- जनप्रतिनिधियों ने शिविर के आयोजन पर जताया आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से लोगों का इलाज किया जा रहा है। मोबाईल युनिट के साथ एनजीओ की टीम शिविर में लगातार सेवा दे रही है किन्तु आयोजन बिना प्रशासन की जानकारी के हो रहा है। एसबीआई फाउंडेशन एवं शिखर मंच के माध्यम से लग रहे मेडिकल षिविर को लेकर जनप्रतिनिधियों ने भी सवाल उठाया है। स्थानीय चिकित्सा अधिकारी को कार्यक्रम की मौखिक जानकारी है। स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की संस्था को अनुमति शासकीय तौर पर नही है जबकि शिविर में जांच और इलाज किया जा रहा है। शिविर में शामिल हो रहे डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मी की डिग्री पर भी ग्रामीणो ने शंका है।

जांच के दौरान उपयोग में लाई जा रही दवाई एवं मेडिकल किट पर सवाल उठ रहे हैं। बड़ा सवाल यह है कि बिना प्रशासनिक अनुमति के किस आधार पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। विकास खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीपी एक्का ने बताया कि संस्था से शिविर लगाने का उन्हे पत्र मिला है। इस संबंध में प्रशासन से कोई आदेश नहीं मिला है। जिला स्वास्थ्य विभाग ने भी लिखित जानकारी स्थानीय विभाग को दी है।

HEALTH TOWN
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
- बस्ति
- उत्तर बस्ति
- जानु बस्ति
इत्यादि।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### भाजपा के संगठनात्मक विस्तार पर चर्चा

**अर्जुनी।** मंडल भाजपा के तत्वावधान पर राम मंदिर प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित कर भाजपा की सफलता एवं संगठनात्मक विस्तार एवं भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाए गए परिवर्तन, विकसित भारत पर विस्तार से चर्चा किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, रवि सिन्हा, रामकुमार गुप्ता, मंडल अध्यक्ष भुवन लाल साहू, दिनेश साहू, अजय वैष्णव, मनीष साहू, दिलीप साहू, धनराज ठाकुर, भैयालाल साहू, द्वारिका यादव, टीकाराम सोनकर, कमल साहू, लीकेश साहू, खिलेंद्र साहू, टुम्मनलाल साहू, राजेश साहू, गजेंद्र राजा साहू, संदीप साहू, प्रभुदत्त सोनकर, हुकम साहू, उमेश साहू, संजू, देवलाल साहू, मोहन साहू, आसाराम साहू, विशेश्वर निषाद, मुकेश निषाद, कुलेश्वर निषाद, मामेश साहू, भावेश निक्की, डॉ मनोज, कमलेश सोनकर, पूनम साहू आदि शामिल हुए। यह जानकारी दुर्गेश सिन्हा ने दी।

## निधन

### राजू अग्रवाल

**खैरागढ़।** ईतवारी बाजार निवासी वरिष्ठ पत्रकार राजू अग्रवाल का



मंगल-बुध की दरमियानी रात हार्ट अटैक से आकस्मिक निधन हो गया। प्रदेश के विभिन्न समाचार पत्रों में बतौर संवाददाता कार्य करने के बाद वो वर्तमान में अपना स्वयं का अखबार चला रहे थे। परिजनों व गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में अमलीपारा मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि पुत्र इंद्रजीत अग्रवाल ने दी।

## सुशासन तिहार पंचायतीराज के प्रभावी क्रियान्वयन की एक बानगी

# शिकायत एवं मांगों को लेकर जनसामान्य बड़ी संख्या में पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में जनसरोकार से जुड़े स्थानीय समस्याएं, शिकायत एवं मांगों के समाधान के लिए जनसामान्य बड़ी संख्या में आवेदन जमा करने उत्साह के साथ आगे आ रहे हैं। सुशासन तिहार लोकतंत्र एवं पंचायतीराज के प्रभावी क्रियान्वयन की एक बानगी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार द्वारा आम जनता के द्वार तक पहुंचकर समस्या का समाधान करने के लिए संवाद की एक सशक्त कोशिश है। जनमानस के हितों के लिए विश्वसनीय, प्रतिबद्ध, पारदर्शी एवं जवाबदेह सरकार की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाए गए हैं। इसी कड़ी में आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम खुटेरी, भर्रेगांव एवं मोखला में बड़ी संख्या में जनसामान्य आवेदन लेकर ग्राम पंचायत पहुंचकर समाधान पेटी में अपने आवेदन जमा किए। आम जनता विद्युत, पेयजल, पेंशन, आवास, साफ-सफाई, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए ओवदन लेकर पहुंचे थे। महिलाओं में आवेदन देने के लिए बहुत उत्साह था।



### पहला चरण 11 तक

उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान, विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाने तथा जनता से सीधे संवाद करने के उद्देश्य से शहरी से लेकर ग्रामों तक सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। पहले चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए जा रहा हैं। दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरे एवं अंतिम चरण में 5 मई से 31 मई 2025 के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री की यह पहल प्रशंसनीय

ग्राम खुटेरी की गौरीबाई यादव ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान के लिए आवेदन किया है और आज उन्हें अपनी बातों को रखने के लिए सुनहरा अवसर मिला है। उन्होंने यह उम्मीद जाहिर की सुशासन तिहार में उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आम जनता की बात सुनने के लिए सीएम विष्णुदेव साय की यह पहल प्रशंसनीय है। खुटेरी की श्रीमती लता यादव एवं शांति साहू ने बताया कि उन्होंने पीएम आवास योजना के तहत पक्के मकान के लिए आवेदन किया है। वहीं ग्राम खुटेरी के जगतराम साहू ने पेंशन के लिए आवेदन किया है। उन्होंने बताया कि कुछ वर्ष पहले दोनों पैर फ्रेक्चर हो गया था। जिसके कारण अच्छे से कार्य करने में असमर्थ है। ग्राम भर्रेगांव के उत्तम कुमार साहू ने बताया कि भूमिहीन कृषि मजदूर योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया है। श्रीमती चित्ररेखा साहू एवं महेश चन्द्राकर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान के लिए आवेदन किया। वहीं ग्राम मोखला की श्रीमती नेमीनबाई साहू ने बताया कि गटर-नाली की समस्या के निराकरण के दिए आवेदन दिया।

# प्रो डॉ. लवली शर्मा बनी संगीत विश्वविद्यालय की नई कुलपति

- लंबे इंतजार के बाद विवि को मिला योग्य कुलपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

लंबे समय से नेतृत्व के स्थायित्व का इंतजार कर रहे इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय को



आखिरकार एक अनुभवी और योग्य कुलपति मिल गया है। राज्यपाल एवं कुलाधिपति द्वारा जारी आदेश के तहत प्रो. लवली शर्मा को विश्वविद्यालय का नया कुलपति नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति विश्वविद्यालय अधिनियम 1956 संशोधन एवं 2021 की धारा 12 (1) के अंतर्गत की गई है।

गौरतलब है कि बीते कुछ वर्षों से विश्वविद्यालय लगातार विवादों में घिरा रहा है। पूर्व कुलपति डॉ. ममता चंद्राकर के कार्यकाल से ही विश्वविद्यालय की कार्यशैली पर सवाल उठते रहे। ममता चंद्राकर के पास कुलपति पद हेतु आवश्यक योग्यता अर्थात कम से कम दस वर्षों का अध्यापन अनुभव का अभाव था, बावजूद इसके उन्हें पद पर नियुक्त किया गया था। इस निर्णय की व्यापक आलोचना हुई और इससे विश्वविद्यालय की साख पर भी असर पड़ा। पूर्व कुलपति के कार्यकाल के बाद विवि में स्थायी कुलपति की नियुक्ति नहीं हो पाई थी। पिछले कई महीनों से कुलपति का प्रभार संभागायुक्त को सौंपा गया था, जिससे विवि प्रशासन में स्थायित्व की कमी महसूस की जा रही थी। ऐसे में प्रो. लवली शर्मा की नियुक्ति को विवि के लिए एक सकारात्मक मोड़ माना जा रहा है।

### संगीत शिक्षा में लंबा अनुभव

वर्तमान में दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट आगरा में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत प्रो शर्मा संगीत शिक्षा में लंबा अनुभव रखती हैं और उनकी अकादमिक साख भी मजबूत है। प्रो. लवली शर्मा भारतीय शास्त्रीय संगीत सितार पढ़ाती हैं। वे स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर सितार की प्रैक्टिकल क्लास के साथ-साथ श्रुति, स्वर विभाजन और रागों का विश्लेषण भी पढ़ाती हैं। उनके रुचि के क्षेत्र संगीत से जुड़ी चिकित्सा, संगीत का अध्ययन, संगीत शिक्षा, घरानों की परंपरा और लोक संगीत हैं। उनके 26 रिसर्च पेपर और 7 किताबें प्रकाशित हो चुकी हैं। वे एक मशहूर संगीत विशेषज्ञ और संगीत से इलाज करने वाली विशेषज्ञ (म्यूजिक थैरेपिस्ट) हैं। उन्हें सितार की मैहर परंपरा में प्रशिक्षण मिला है। उनके नेतृत्व में विवि को न केवल प्रशासनिक स्थायित्व मिलेगा, बल्कि शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को भी एक नई दिशा मिलने की उम्मीद है। राजभवन की ओर से जारी आदेश में उल्लेख है कि उनका कार्यकाल विवि अधिनियम और परिनियमों के अनुसार निर्धारित होगा। आदेश पर राज्यपाल के उप सचिव हिना अनिमेष नेताम के हस्ताक्षर हैं और इसकी प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, उच्च शिक्षा सचिव, दुर्ग संभागायुक्त, विश्वविद्यालय के कुलसचिव सहित सभी संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर दी गई है। विवि से जुड़े कई विद्वानों और पूर्व शिक्षकों ने प्रो. शर्मा की नियुक्ति का स्वागत करते हुए कहा है कि यह निर्णय विश्वविद्यालय की गरिमा को पुनस्थापित करने में अहम भूमिका निभाएगा वही सालो से वाजिब मार्गदर्शन व नेतृत्व के अभाव मे दिनोदिन गिरती साख से जूझते संगीत विवि को नवीन आयाम मिलेगा और सांगीतिक शिक्षा के साथ साथ विकास भी नजर आएगा।

# दुष्कर्म मामले में हो फांसी, समाज ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर यादव समाज राजनांदगांव द्वारा 8 अप्रैल को कलेक्टर के माध्यम से राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम रामनवमी के दिन नौकन्या भोजन में जा रही 6 साल की मासूम की दुष्कर्म कर गला घोटकर हत्या होने के मामले को लेकर ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर नगर यादव समाज के मन्ना यादव, दुर्गेश यादव, महेश यादव, राधेलाल यादव, गरीब यादव, उपेन्द्र यादव, शीलू यादव, रितेश यादव, भोला यादव, विजय यादव, अशोक यादव, हरीश यादव, दुर्गाप्रसाद यादव, रमेश यादव, मीना



लव यादव, मंजू यादव, मधु यादव, आरती यादव, सरस्वती यादव, रीना यादव, गौरी यादव, लीला यादव, मनोहर यादव, मदन मोन्टू यादव, अभ्यास यादव, शेखर यादव, विनोद यादव, दिलीप यादव, दिग्विजय यादव, विकास यादव, महेन्द्र जघेल, मानुशाली, राकेश यादव, दीपक यादव, रोहित यादव आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी दुर्गाप्रसाद यादव ने दी।

### समाज में आक्रोश

नगर यादव समाज द्वारा राज्यपाल और मुख्यमंत्री से ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि अपराधी कोई भी हो फांसी की सजा होनी चाहिए। बेटियां देवी स्वरूप होती है, जिसे हम लोग नवरात्रि में कन्या भोजन कराने के लिए दर-दर भटकाते हैं। उन्हीं बेटियों के साथ आज हैवानियत की हदें पार कर रिश्तों को तार-तार कर के रखा दिया गया है। आज मां-बाप किस-किस पे भरोसा करे।

# शिकायतों के बाद भी अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई क्यों नहीं? : अभिमन्यु

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु मिश्रा ने शहर में बढ़ रहे अवैध प्लाटिंग के मामलों में चिंता जताते कहा है कि इससे राजस्व को तो हानि होती ही है। साथ ही ग्राहक को भी भविष्य में बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहने सहित बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हाल ही में विधायक अनुज शर्मा ने विधानसभा में यह मुद्दा उठाया था, जिस पर विधानसभा अध्यक्ष ने त्वरित संज्ञान लेने के आदेश दिए थे, किंतु सबसे चिंताजनक विषय यह है कि उनके स्वयं के क्षेत्र में उनकी नाक के नीचे लगातार शिकायतों के बाद भी अवैध प्लाटिंग का कारोबार फल-फूल रहा है, कोई कार्रवाई भी नहीं हो रही है। इनमें हाल में ही प्रमुख रूप से वार्ड क्रमांक 1 बजरंगपुर नवागांव अंतर्गत बापुटोला में मोरध्वज देवांगन एवं उनके साथियों द्वारा प्रीकास्ट वॉल निर्मित कर लगातार अवैध प्लाटिंग किए जाने की शिकायत वार्ड पार्षद राजा तिवारी द्वारा की गई थी। ख.नं. 11/183, कुल रकबा 0.6160 हे., ख.नं. 23/8 रकबा 0.4670 हे., ख.नं. 11/2 कुल रकबा 0.4700 हे., 11/75, 22/1, 23/1, 11/76, 11/5, 24/1 तथा 27/1 को टुकड़ों में बेचने की तैयारी मोरध्वज देवांगन द्वारा की जा रही है। यह शिकायत भी पूर्व में की गई थी, कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

# सांसद प्रतिनिधि भागवत ने किया स्काउट गाइड के प्याऊ का उद्घाटन




हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

भारत स्काउट गाइड की जिला इकाई के तत्वाधान में प्याऊघर का उदघाटन सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह ने किया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी व जिला आयुक्त लालजी द्विवेदी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी नीलम सिंह राजपूत, जिला सचिव केके वर्मा, ब्लॉक सचिव सुनील कुमार गुनी, व्याख्याता कमलेश्वर सिंह, शिरीष पांडेय, डाइट के प्रभारी प्राचार्य डॉ. सुनील शर्मा, क्रीड़ा अधिकारी कन्हैया पटेल, आत्माराम साहू सहित स्काउट गाइड के कैडेट्स मौजूद रहे।

प्याऊ घर खोलने पर शुभकामना देते हुए सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह ने कहा भीषण गर्मी पड़ रही है। ऐसे में भारत स्काउट गाइड के माध्यम से किया गया नेक व सार्थक पहल सराहनीय है। पुराने बस स्टैंड मे बड़ी संख्या में आम लोगों की आवाजाही रहती है। ऐसे में इस स्थल पर प्याऊ घर खोला जाना श्रेयस्कर है। गौरतलब है कि पुराना बस स्टैंड में प्याऊ घर खुलने से बड़ी संख्या में लाँजी क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले राहगीरों को काफी राहत मिलेगी। स्काउट गाइड के कैडेट्स इस प्याऊ घर में लगातार सेवा देंगें। सुनील कुमार गुनी ने बताया कि इसके लिए अलग अलग स्काउट गाइड को कार्य बांटा गया है।

# भागवत कथा सुनने पहुंचे विक्रांत सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

छुईखदान ब्लॉक के ग्राम गोकना में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह भाजपाइयों के साथ शामिल हुए। कथा व्यास से आशीर्वाद बाद सभी ने काफी देर तक कथा प्रसंगों का श्रवण किया।

जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन से जनमानस में आपसी भाईचारे की भावना के साथ सहयोग की भावना का विकास होता है। श्रीमद् भागवत या अन्य धार्मिक अनुष्ठान व कार्यक्रमों से क्षेत्रीय वातावरण शुद्ध व निर्मल होता है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा सुनकर काफी सुखद अनुभूति होती है। लोगों में संस्कार का प्रवाह होता है। हमें प्रवचन को अपने जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर भाजपा नेता राकेश ठाकुर, छुईखदान जनपद उपाध्यक्ष राजू जंघेल, लीला राम साहू, दुजेराम वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# दुर्ग में दरिंदगी की शिकार मासूम बच्ची, फूटा आक्रोश, गृहमंत्री शर्मा का किया पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

दुर्ग जिले में 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म व हत्या की वीभत्स घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। घटना के बाद प्रदेशभर में आक्रोश का माहौल है। कांग्रेस पार्टी ने शहर में विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधा और राज्य के गृहमंत्री विजय शर्मा का पुतला दहन किया।

प्रदर्शनकारियों ने गृहमंत्री से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे की मांग की है। विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, नपा नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन व भूपेंद्र वर्मा के नेतृत्व में अम्बेडकर चौक पर आयोजित प्रदर्शन में मौजूद सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता और आम नागरिक एकत्र हुए।

मनराखन देवांगन ने इस जघन्य घटना की तीव्र निंदा करते हुए कहा नवरात्रि के पावन अवसर पर जहां पूरा देश बेटियों की पूजा कर रहा था, वहीं दुर्ग में एक चाचा ने अपनी ही भतीजी के साथ दुष्कर्म कर रिश्तों को तार-तार कर दिया। यह घटना प्रदेश की कानून व्यवस्था पर गम्भीर सवाल खड़ा करती है। भाजपा सरकार में महिलाएं और बच्चियां असुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दुष्कर्म की बढ़ती घटनाएं सरकार की विफलता का प्रतीक हैं और गृहमंत्री विजय शर्मा को इस घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। अगर वे इस्तीफा नहीं देते हैं तो मुख्यमंत्री को हस्तक्षेप कर उन्हें पद से हटाना चाहिए।

अम्बेडकर चौक पर भाजपा सरकार व गृहमंत्री विजय शर्मा के पुतला दहन दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कहा कि भाजपा शासन में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और आमजन खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

### कांग्रेस ने बनाई जांच समिति

घटना की निष्पक्ष जांच के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पांच सदस्यीय जांच दल का गठन किया है। दल संयोजक बालोद विधायक संगीता सिन्हा होंगी। टीम जल्द ही घटनास्थल का दौरा करेगी और पीड़ित परिवार, स्थानीय जनप्रतिनिधियों व पुलिस अधिकारियों से बातचीत कर पूरे घटनाक्रम की रिपोर्ट तैयार कर पीसीसी को सौंपेगी। प्रदर्शन मे कांग्रेस नेता विप्लव साहू, महिला जिलाध्यक्ष अध्यक्ष आरती महोबिया, गैंदलाल कुर्रे, भूखन बंजारे, हरजीत सिंह, संदीप सिरमौर, रामकुमार जांगड़े, रविंद्र सिंह गहरवार, महेश यादव, सूर्यकांत यादव, पूरन सारथी, भरत चंद्राकर, शेखर दास शानू, नरेन्द्र सेन, यतेंद्रजीत सिंह, हेमदास बंजारे, गोपी रजक, उमेश साहू, सूरज देवांगन, विस्वजीत सिंह, सतीश वर्मा, नरेन्द्र टंडन, घनश्याम, गैन्दू, अरथराम मारकंडे, अल्ताफ अली, अजय देवांगन, विनोद सिन्हा, राजेश देवांगन, नरेश सिन्हा, रामचंद्र वर्मा, हंस राज वर्मा, सतीश वर्मा, नगेश्वर बघेल, जयपाल वर्मा, गोविन्द देवांगन सहित अन्य मौजूद थे।

## स्थायी समितियां गठित करने का प्रावधान है

# जिपं में स्थाई समितियों का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

छग पंचायती राज अधिनियम अंतर्गत जिला पंचायत में स्थायी समितियों का गठन किया गया। जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने बताया गया कि अधिनियम 1993 की धारा-47 के अंतर्गत जिपं की स्थायी समितियां गठित करने का प्रावधान है, जिसके अंतर्गत पांच स्थाई समितियों के अलावा जिला पंचायत सदस्यों द्वारा तीन अतिरिक्त समितियों का प्रस्ताव किया गया।



उपरोक्त सभी समितियों में सदस्यों सहित सभापति का निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। निर्वाचन को लेकर कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा द्वारा अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर को पीठासीन और उपसंचालक गीत कुमार सिन्हा को सहायक पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया था। सदस्यों को निर्वाचन प्रक्रिया से अवगत कराने के बाद प्रत्येक समिति सदस्यों को प्रक्रिया से अवगत कराया गया। निर्वाचन बाद श्रीमती प्रियंका ताम्रकार को सामान्य प्रशासन समिति का सभापति, विक्रांत सिंह को शिक्षा समिति का सभापति, दिनेश वर्मा को कृषि समिति का सभापति, ललित चोपड़ा को संचार व संकर्म समिति का सभापति, जमुना कुर्रे को सहकारिता व उद्योग समिति का सभापति, श्रीमती अरुणा सिंह को स्वास्थ्य, स्वच्छता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी व जल संसाधन समिति का सभापति, श्रीमती भुनेश्वरी देवांगन को महिला बाल विकास व समाज कल्याण समिति का सभापति और श्रीमती हेमलता मंडावी को वन व खनिज समिति के सभापति की जिम्मेदारी दी गई।

### शैलेंद्र को मिला वन समिति

इसी प्रकार जनपद पंचायत में सामान्य प्रशासन विभाग का पदेन सभापति अध्यक्ष श्रीमती डॉ राजेश्री त्रिपाठी और शिक्षा विभाग का पदेन सभापति उपाध्यक्ष लखनलाल साहू को बनाया गया जबकि शैलेन्द्र मिश्रा वन एवं खनिज विभाग, डीलेश्वरी साहू सहकारिता एवं उद्योग विभाग, दीक्षा पूर्णचंद गुप्ता महिला एवं बाल विकास विभाग, पुरुषोत्तम साहू संचार एवं सकर्म विभाग,श्रीमती लक्ष्मी वर्मा स्वास्थ्य स्वच्छता एवं जल संसाधन विभाग, कोमल वर्मा कृषि विभाग और किरण माणिकपूरी को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं राष्ट्रीय आजीविका मिशन विभाग का निर्विरोध सभापति चुना गया।

# शिविर का सांसद ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

- त्वरित निराकरण का दिया निर्देश

सरकार के मुखिया विष्णु देव साय की मंशानुरूप सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान पेटी रखकर लोगों से आवेदन लिया जा रहा है जिसे लेकर आमजनों में उत्साह देखा जा रहा है।

सांसद संतोष पांडे ने बुधवार को सुशासन शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर पंचायत छुईखदान के शिविर में आवेदनों की जानकारी ली और मौजूद अधिकारियों को शिकायत एवं मांगों का निराकरण करने का निर्देश दिए। उन्होंने मौजूद व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



सांसद श्री डे ने शिविर में आवेदन देने पहुंचे लोगों से चर्चा की। उन्होंने लोगों से आवेदन करने में आ रही समस्या के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने आवेदन देने पहुंची दो आवेदिका से बात भी की।

सांसद श्री पांडे ने उनके आवेदन स्वेच्छाअनुदान से संबंधित होने के कारण तत्काल प्रेषित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। सांसद श्री पांडे ने कहा कि सुशासन तिहार शासकीय कामकाज में पारदर्शिता लाने तथा शासकीय योजनाओं, कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए महत्वपूर्ण है। राज्य शासन की मंशानुरूप समुचित लाभ नागरिकों को सुनिश्चित कराना अत्यंत आवश्यक है। इस दौरान भाजपा नेता प्रेमनारायण चंद्राकर, राजलक्ष्मी पंसारी, कौशल चंदेल, विक्रांत चंद्राकर, सिलौटिया सहित अन्य मौजूद थे।

**आम सूचना सह शपथ पत्र**

मै दीनदयाल वर्मा पिता जगन्नाथ वर्मा निवासी ग्राम अछोली, पोस्ट मंडला, विकासखंड खैरागढ़ जिला खैरागढ़ छुईखदान गंडई छग शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूं कि
1. यह कि मेरे पुत्र का सही व सत्य नाम होमेश्वर वर्मा पिता दीनदयाल वर्मा है और यही नाम मैं भविष्य मे उपयोग मे लेना चाहता हूं।
2. यह कि पुत्र के आधार कार्ड में पहले नाम टानसन वर्मा अंकित और दर्ज है जिसे मैं उपयोग में नहीं लेना चाहता।

यह कि भारत के राजपत्र में प्रकाशन और आधार कार्ड में सुधार चाहता हूं। सुधार किया जावे और मेरे पुत्र का नाम होमेश्वर पिता दीनदयाल वर्मा किया जाए इसके लिए शपथ पत्र सह सूचना प्रस्तुत है।

दिनांक 08/04/2025

दीनदयाल वर्मा
ग्राम अछोली, पो मंडला
खैरागढ़
मो. 8234062452


भगवान महावीर
जन्म कल्याणक महोत्सव की हार्दिक बधाई
समस्त जिलेवासियों को भगवान महावीर जन्म कल्याणक की हार्दिक बधाई
खुशालचंद जैन
समाजसेवी, राजनांदगांव
समस्त जिलेवासियों को भगवान महावीर जन्म कल्याणक की हार्दिक बधाई
अनिल बरडिया
समाजसेवी, राजनांदगांव
समस्त जिलेवासियों को भगवान महावीर जन्म कल्याणक की हार्दिक बधाई
नमिताभ जैन
पूर्व पार्षद, राजनांदगांव
समस्त जिलेवासियों को भगवान महावीर जन्म कल्याणक की हार्दिक बधाई
मनोज बैद
राजनांदगांव
प्रदेश एवं शहरवासियों को
भगवान महावीर
जन्म कल्याणक की हार्दिक बधाई
श्री जिन कुशलसूरी जी
नरेश डाकलिया
अध्यक्ष
छ.ग. जैन श्वेतांबर खतरगच्छ महासंघ
आनंद चोपड़ा (पप्पी)
सचिव, छ.ग. जैन श्वेतांबर, खतरगच्छ महासंघ
भगवान महावीर
जन्म कल्याणक
की हार्दिक बधाई
श्रीमती सुषमा जैन
अभिकर्ता, भारतीय जीवन बीमा निगम,
गुड़ाखू लाईन, राजनांदगांव


भ.महावीर स्वामी
जन्म कल्याणक महोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएं...
॥ जय जिनेन्द्र ॥
LED TV में 3 वर्ष की वारंटी
आपकी बिटिया की शादी है तो देर किस बात की
HAVELLS
LLOYD
LG
इलेक्ट्रानिक्स & फर्निचर्स का अनुपम संग्रह
LED TV में 3 वर्ष की वारंटी
0% INTEREST
BAJAJ FINSERV
FINANCE AVAILABLE
हमारे यहाँ सोफा, एल लक्जरी सोफा, आलमारी, कुलर ईत्यादी आर्डर पर बनाया जाता है
LG Nilkamal SAMSUNG Haier HAVELLS VOLTAS Whirlpool DAIKIN
आशीष स्टोर्स
इलेक्ट्रानिक्स & फर्निचर्स
दिगम्बर जैन मंदिर के पास, दीवान बाड़ा, खैरागढ़
आपका विश्वास हमारी पूंजी, आपकी सेवा हमारा सौभाग्य
मो.- 8349051715
9009351715




# भगवान महावीर जन्म कल्याणक

## की हार्दिक शुभकामनाएं

णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं,
णमो आयरियाणं, णमो उवज्झायाणं,
णमो लोए सव्व साहुणं,एसो पंच णमोक्कारो,
सव्व पावप्पणसणो।
मंगलाणं च सव्वेसिं, पढमं हवई मंगलं।।


























भगवान महावीर स्वामी
जन्म कल्याणक महोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएं
JOHN DEERE
ज़िंदगी का बेस्ट डिसिज़न!™
जॉन डियर ट्रैक्टर
वाजिब दाम में उपलब्ध
आज ही लाए अपने सपनों का ट्रैक्टर
जॉन डियर ट्रैक्टर
सस्ता नहीं अच्छा लो
नया PowerTech™
5310 57HP 42kW
GearPro™
12F+4R
TremIV
5310
जॉन डियर का वादा
5 साल की वारंटी*
टेक्नोलॉजी लीडरशिप
GearPro™ विस्तृत गती श्रेणी
उच्च बैक अप टॉर्क
LiftPro अधिक लिफ्ट क्षमता
जॉन डियर के सभी कृषि उपकरण उपलब्ध
जॉनसन थ्रेसर एवं नीरज सीड ड्रिल उपलब्ध
वंदना ट्राली के अधिकृत विक्रेता
अधिकृत विक्रेता - जैन मोटर्स स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
ब्रांच :- रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर्स के बाजू में, राजनांदगांव 9827953976 | अंबागढ़ चौकी 8103024569 | चिचोला | गण्डई
संपर्क - 9977184777, 8120006476, 9406011166 सर्विस 8120006480, 8120001601

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 10 अप्रैल 2025
राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव

# कांग्रेस का नया फार्मूलाः हर दो दर्जन बूथ पर बनाएंगे एक मंडल, धरना प्रदर्शन में ना शामिल होने वाले नेताओं की जानकारी सीधे भेजेंगे दिल्ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

**अलग खबर**

विधानसभा व लोकसभा के बाद नगरीय निकाय चुनाव में हार का सामना करने वाली कांग्रेस अब अपने सुधार में जुट गई है। जमीनी स्तर तक अपनी पकड़ मजबूत बनाने के लिए अब कांग्रेस हर 20 से 30 बूथ में एक मंडल का गठन करेगी।

इसके साथ ही ब्लॉक से लेकर जिला एवं प्रदेश स्तर पर होने वाले धरना-प्रदर्शन में ना शामिल होने वाले नेताओं की जानकारी भी राष्ट्रीय संगठन तक भेजी जाएगी। वहीं सोशल मीडिया पर भी कांग्रेस की स्थिति को मजबूत बनाने की दिशा में काम किया जाएगा।

## लगातार कमजोर होते संगठन को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर बन रही नई रणनीति

### महासचिव संभालेगा सोशल मीडिया

बताया गया कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर कांग्रेस की स्थिति को मजबूत बनाने के लिए भी प्लानिंग तैयार की गई है। जिसके तहत जिला संगठन में महासचिव स्तर के एक पदाधिकारी को इसकी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। वहीं हर सोशल मीडिया प्लेटफार्म के लिए पांच-पांच सदस्यों की टीम बनाई जाएगी। सोशल मीडिया के जरिये कांग्रेस की उपलब्धियों एवं मौजूदा विपक्षी सरकार के खिलाफ पोस्ट किए जाएंगे।




**नेताओं को व्यवहार सुधारने हिदायत :** जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने बताया कि बैठक के दौरान यह शिकायत सामने आई कि सत्ता आने पर सत्ताधारी नेताओं एवं संगठन में समन्वय नहीं रहता। सत्ता में शामिल नेता संगठन के लोगों को सम्मान नहीं देते। इसके अलावा बड़े पद पर पहुंचने के बाद नेताओं के कार्यकर्ताओं से व्यवहार को लेकर भी शिकायत हुई, जिस पर राहुल गांधी ने साफतौर पर कहा कि सभी नेताओं को अपने कार्यकर्ताओं से बात करने एवं मिलने का तरीका सुधारना चाहिए।

### अध्यक्ष होंगे पावरफुल

जिला अध्यक्ष को अब और भी शक्तिशाली बनाने की दिशा में कांग्रेस काम करेगी। बैठक के दौरान बताया गया कि आने वाले लोकसभा व विधानसभा के साथ ही सभी चुनाव में प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया के दौरान भी स्क्रीनिंग कमेटी में जिलाध्यक्ष को स्थान दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि देशभर में कांग्रेस की स्थिति को मजबूत करने की दिशा में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी देशभर के कांग्रेसी जिला अध्यक्षों से मुलाकात कर रहे हैं। इस मुलाकात के जरिये वे उनकी स्थिति जानने के साथ ही आगे आने वाले समय में कांग्रेस की प्लानिंग को जमीन पर उतारने के निर्देश भी दे रहे हैं। इसी बैठक के तहत राजनांदगांव जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा तीन अप्रैल शुक्रवार को दिल्ली में आयोजित इस बैठक में शामिल हुए। इस बैठक में राहुल गांधी के साथ ही राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खड़गे, महासचिव वेणुगोपाल राव एवं भूपेश बघेल भी रहे। इस बैठक में ही कई निर्देश जिला संगठन के संचालन को लेकर दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### बारिश के आसार

**राजनांदगांव।** मौसम में बदलाव के चलते एक चिन्हित निम्न दाब का क्षेत्र पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे लगे दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित है। इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मध्य क्षोभमंडल तक विस्तारित है। कल 10 अप्रैल तक इसके उत्तर-उत्तर-पूर्व दिशा में आगे बढ़ने की सम्भावना है। एक द्रोणिका पश्चिम राजस्थान से उत्तर पश्चिम विदर्भ तक विस्तारित है। दूसरा द्रोणिका दक्षिण पूर्व मध्य प्रदेश से छत्तीसगढ़ होते हुए गंगेटिक पश्चिम बंगाल तक विस्तारित है। प्रदेश में कल एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के छींटे पड़ने की सम्भावना है।






## 2019 से पहले पंजीकृत वाहनों में बदलाव कराना अनिवार्य

# हाई सिक्योरिटी नंबर में लिंक हो रहा सभी वाहन चालकों का मोबाइल नंबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दुर्घटना के बाद वाहन छोडकर फरार होने पर चालकों की अब खैर नहीं होगी। हाई सिक्योरिटी नंबर देने के साथ ही उसमें वाहन मालिकों को मोबाइल नंबर भी लिंक किया जा रहा है। इस मोबाइल नंबर के जरिये पलभर में यातायात पुलिस वाहन चालकों से संपर्क कर सकेगी। वहीं मोबाइल नंबर में ही चालानी कार्रवाई भी भेजने की तैयारी है। मोबाइल नंबर लिंक होने से सेकंड पार्टी की जानकारी मिल जाएगी और बीमा मुआवजा मिलने में आसानी होगी।

जानकारी के अनुसार जिले में अब तक 443 वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर लग चुका है। करीब 440 प्रकरण होल्ड में है। वहीं 1398 लोगों ने नंबर लगाने अप्वाइंटमेंट ले रखा है। अफसरों ने बताया कि इसे वेबसाइड में जाकर ऑनलाइन भी आवेदन कर सकते हैं। वहीं दूसरा विकल्प सभी शोरूम में भी दिया गया है, जहां से नंबर लगा सकेंगे। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के परिवहन विभाग द्वारा एक अप्रैल 2019 के पहले खरीदे गए वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। अगर आगामी 31 के बाद नंबर नहीं मिलेगा तो चालानी कार्रवाई होगी। यही नहीं इसके बिना वाहनों का फिटनेश भी नहीं होगा। इसके लिए विभाग ने दोपहिया, तीन और चार पहिया सहित हैवी वाहनों के लिए राशि निर्धारित कर दिए गए हैं। वही सभी वाहनों में पंद्रह फीसदी जीएसटी भी जोड़ा गया है। वहीं नंबर लगाने सौ रुपए अलग से खर्च करने होंगे।




### ऑनलाइन प्रक्रिया से होगा पंजीयन

हाई सिक्योरिटी नंबर के लिए अधिकृत कंपनी के कर्मचारी का कहना है कि वाहन चालक चाहे तो ऑनलाइन नंबर ले सकते हैं अथवा इसके लिए हीरो, होंडा, टीवीएस सहित अन्य शोरूम को भी चयनित किए गए हैं, जहां नंबर लगाने की सुविधा और भुगतान यहां किया जा सकता है।

### नंबर बगैर फिटनेस भी नहीं होगा

राज्य शासन के आदेश में साफ है कि बगैर हाई सिक्योरिटी नंबर के किसी भी वाहनों का फिटनेश नहीं करना है। परिवहन विभाग द्वारा राज्य में 1 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत प्रत्येक वाहनों पर उच्च सुरक्षा पंजीयन चिन्ह लगाना अनिवार्य है। जिला परिवहन अधिकारी एसएल लकड़ा ने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा इसकी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इसमें ऑनलाइन राशि का भुगतान होगा। वहीं नंबर प्लेट जारी करने के बाद इसे लगाया जाएगा। विभाग ने अधिक जानकारी के लिए परिवहन विभाग की अधिकारिक वेबसाईट भी जारी कर दी है।

### इस तरह निर्धारित की गई राशि

हाई सिक्योरिटी नंबर वर्ष 2019 के बाद लगकर आ रही है, लेकिन इससे पहले के वाहनों के लिए दर निर्धारित की गई है। इनमें दोपहिया वाहन के लिए बेसा प्राइस 310 रुपए व जीएसटी 55.80 रुपए कुल 365.80 रुपए, तीन पहिया वाहनों के लिए 362 व जीएसटी 65.16 कुल 427.16 रुपए, एलएमवी 556 रुपए व जीएसटी 100.08 रुपए कुल 656.08 रुपए और हेवी कमर्शियल 598 व जीएसटी 107.64 रुपए कुल 705.64 रुपए निर्धारित किया गया है। प्रत्येक इंस्टॉलेशन के लिए 100 रुपए अतिरिक्त चार्ज के साथ लगाया जाएगा।

# जुआ खेलने तीन जिले से शामिल हुए थे जुआरी

■ जुआरियों में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जुआ-सट्टा के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस की संयुक्त टीम ने ग्राम बरगाही बांध के पास रेड कार्रवाई कर जुआ खेल रहे चार आरोपियों को पकड़ा।

आरोपियों के पास से नगदी रकम 17,422 रुपए व कार, बाइक एवं 4 मोबाइल बरामद कर कार्रवाई की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार घुमका थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस की संयुक्त टीम ने ग्राम बरगाही बांध के पास दबिश देकर यहां ताश पत्ती से जुआ खेल रहे आरोपियों को पकड़ा। पुलिस की मौके पर दबिश से जुआ खेल रहे आरोपियों में हड़कंप मच गया था।




### चार आरोपी पकड़ाए

पुलिस ने मौके पर आरोपी अनिल टंडन पिता भागीरथी टंडन 38 वर्ष निवासी सीताडाबरी थाना छुईखदान, रूपेश वर्मा पिता भीखन वर्मा 45 वर्ष निवासी जोगीगुफा ओपी लीटिया थाना बोरी जिला दुर्ग, इमरान खान पिता दरबारूदीन खान 28 वर्ष साकिन वार्ड नं. 1 थाना खैरागढ़ एवं कलाराम साहू पिता संतूराम साहू 43 वर्ष निवासी कुकुरमुंडा थाना छुईखदान को पकड़ा।

### कार, बाइक सहित 4 मोबाइल जब्त

आरोपियों से कुल 17422 रुपए नगद, 52 पत्ती ताश, एक कार, एक नग मोटर साइकिल, 4 मोबाइल को जब्त कर आरोपियों के खिलाफ छग जुआ प्रतिषेध अधि. 2022 की धारा 3(2) के तहत कार्रवाई किया गया है। उक्त कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी दिलीप सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन में प्रशिक्षु भा.पु.से. ईशु अग्रवाल थाना लालबाग, चौकी तुमडीबोड़ प्रभारी, थाना घुमका, उप निरीक्षक खेदूराम की सराहनीय भूमिका रही।

# फार्म हाउस में शराब, होलोग्राम सप्लाई करने का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ क्षेत्रांतर्गत ग्राम करवारी-लतमर्रा जाने वाली कच्ची रास्ते में स्थित फार्म हाऊस में शराब के डंप होलोग्राम, स्टीकर एवं ढक्कन पुलिस ने बरामद किया था। इस मामले में पूर्व में पुलिस 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। होलोग्राम सप्लाई करने के मामले में एक और आरोपी को नागपुर से पकड़कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस के अनुसार 29 मार्च को थाना डोंगरगढ़ क्षेत्रांतर्गत ग्राम करवारी-लतमर्रा जाने वाली कच्ची रास्ते में स्थित रोहित नेताम उर्फ सोनू के फार्म हाउस में भारी मात्रा में मध्यप्रदेश की शराब 432 पेटी कीमती 27,32670 रुपए का एवं घटनास्थल से खाली शीशी, गोवा व्हीस्की का स्टीकर, होलोग्राम का बंडल एवं अन्य सामग्री को जब्त करने में डोंगरगढ़ पुलिस को सफलता मिली थी।

⏩ शेष पेज 12 पर



### दर्जनभर से अधिक पर कार्रवाई

पूर्व में फार्म हाउस मालिक सहित कुल 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। जिसमें से 11 आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। फार्म हाउस के मालिक रोहित नेताम उर्फ सोनू एवं नंदकिशोर उर्फ नीतु वर्मा उर्फ छोटा कट्टी को पुलिस रिमांड में लेकर पूछताछ कर प्रकरण में संलिप्त अन्य आरोपियों का पता तलाश कर लगातार गिरफ्तारी की कार्रवाई की जा रही है।

# जिपं सभापति के चुनाव में कांग्रेस ने नहीं उतारे प्रत्याशी, निर्विरोध चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला पंचायत राजनांदगांव में सभापति का चुनाव पूरा कर लिया गया है। बुधवार को की गई इस प्रक्रिया में कांग्रेस ने अपने प्रत्याशी ही मैदान में नहीं उतारे। जिसके चलते निर्विरोध ही चयन कर लिया गया। दस सभापति में केवल दो ही पुरूष को स्थान दिया गया है। वहीं शेष आठ पर महिलाओं को सभापति नियुक्त किया गया है। वहीं कांग्रेस से महेन्द्र यादव एवं अंगेश्वर देशमुख को सदस्य बनाया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार जिला पंचायत राजनांदगांव में दस सभापति के चुनाव बुधवार को कराना तय किया गया था। इसमें नामांकन के बाद मतदान की प्रक्रिया होनी थी, लेकिन कांग्रेस द्वारा किसी भी पद को लेकर अपने प्रत्याशी मैदान में नहीं उतारे जाने के चलते मतदान की स्थिति ही निर्मित नहीं हुई, बल्कि सभी दस पदों पर निर्विरोध चयन कर लिया गया।

सामान्य प्रशासन समिति में सभापति किरण रविन्द्र वैष्णव, शिक्षा स्थायी समिति में किरण साहू, कृषि स्थायी समिति जागृति यदु, संचार तथा संकर्म स्थायी समिति देवकुमारी साहू, सहकारिता और उद्योग स्थायी समिति अनिता मंडावी, स्वच्छता एवं स्वास्थ, खनिज स्थायी समिति किरण विनोद बारले, महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण स्थायी समिति शीला टाकेश सिन्हा, वन एवं जैव प्रौद्यागिकी स्थायी समिति प्रशांत कोड़ापे, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन स्थायी समिति बीरमबाई मंडावी और राजस्व एवं आपदा प्रबंधन समिति में गोपाल भुआर्य को सभापति नियुक्त किया गया है।






## आयोजन में 3 हजार से अधिक समाज के लोग हुए शामिल

# विश्व शांति के लिए तीन हजार लोगों ने एक साथ किया नवकार मंत्र जाप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्री सकल जैन समाज द्वारा 6 अप्रैल से 10 अप्रैल तक पांच दिवसीय भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इसी कड़ी में आज आयोजन के चौथे दिन विश्व शांति, विश्व एकता, समरस्ता और सद्भाव को लेकर सामूहिक नवकार मंत्र जाप का आयोजन किया गया। इस आयोजन में ऑनलाइन माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जुड़े और समाज के लोगों को संबोधित किया। श्री महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति द्वारा स्थानीय दादाबाड़ी जैन बागीचे में आज नवकार दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन में लगभग 3 हजार से अधिक समाज के लोग शामिल हुए और सामूहिक नवकार मंत्र जाप किया। इस आयोजन में सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसपी मोहित गर्ग समाज के मनोज बैद, अध्यक्ष सकल जैन समाज अजय सिंघी सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।






### एकता और सद्भावना का दिया संदेश

एकता और सद्भावना का वैश्विक संदेश देने आयोजित विश्व नवकार दिवस पर 108 देशों और भारत के 6 हजार से अधिक स्थानों में नवकार महामंत्र का जाप हुआ। सकल जैन श्री संघ के अध्यक्ष मनोज बैद्ध ने बताया कि इस आयोजन में लगभग 3 हजार लोग शामिल हुए।

### देशहितार्थ जाप

विश्व नवकार महामंत्र दिवस में शामिल होने पहुंचे सांसद संतोष पांडे ने कहा कि एक साथ समूह में नवकार जाप हुआ है। इसमें प्रधानमंत्री भी जुड़े, जब हम एक साथ जाप करते हैं तो एकता प्रदर्शित होती है। इस देश की सुख, समृद्धि और शांति के लिए देशहितार्थ में यह जाप हुआ है।

**प्रधानमंत्री ने किया संबोधित :** नवकार दिवस आयोजन में ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये जुड़े प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवकार महामंत्र दिवस का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नवकार महामंत्र सिर्फ एक मंत्र नहीं है, यह हमारी आस्था का मूल है। विनम्रता, शांति और सार्वभौमिक सद्भाव का प्रतीक है। पंच परमेष्ठी की वंदना के साथ नवकार महामंत्र सही ज्ञान, धारणा और आचरण एवं मोक्ष की ओर ले जाने वाले मार्ग का प्रतीक है। जलवायु परिवर्तन आज का सबसे बड़ा संकट है और इसका समाधान एक सुव्यवस्थित जीवन शैली है। जिसका जैन समुदाय सदियों से पालन करता आ रहा है और यह भारत के मिशन लाइफ के अनुरूप है।

## खबर संक्षेप

### कोलेगांव में किया गया ज्योत ज्वारा विसर्जन



**हरिभूमि कोलेगांव।** ग्राम पंचायत कोलेगांव में बड़ी धूमधाम के साथ मनोकामना जोत-ज्वारा-ज्योति कलश विसर्जन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण जन, श्रद्धालु गण द्वारा गली मोहल्ले व चौक चौराहों में विधि विधान से पूजा अर्चना व आशीर्वाद प्राप्त कर माता रानी को भावभीनी विदाई दी गई।

### पीएम आवास मिलने से गरीब हितग्राहियों के चेहरे खुशी से खिले उठें

**हरिभूमि बरबसपुर।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीब व मजदूर परिवार लाभांवित हो रहे है। क्षेत्र के गांव-गांव के गरीब व मजदूर परिवार को पीएम आवास मिलने से गरीब हितग्राहियों के चेहरे खुशी से खिल उठें। साथ ही साथ केन्द्र सरकार का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने बताया कि पीएम आवास योजना की स्वीकृति मिलने से निर्माण कार्य जोर शोर से किया जा रहा है, वहीं ग्रामीण गरीब व मजदूर परिवार को बरसात व गर्मी से राहत मिलेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बीजाझोरी, राम्हेपुर कला, चंडालपुर, हरिनछपरा, दौजरी, जेवड़न खुर्द, सारंगपुर खुर्द, डबराभाट, बरबसपुर, घुकसा में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत गरीब व मजदूर हितग्राहियों द्वारा पक्का घर निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

## समस्या: जेवड़न खुर्द स्कूल में असामाजिक तत्व करते हैं शराबखोरी, जिम्मेदार बेपरवाह

# शाम होते ही हायर सेकण्डरी स्कूल में शराबियों का जमावड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

कवर्धा विकासखण्ड अंतर्गत स्थित शासकीय हायर सेकेंण्डरी स्कूल जेवड़न खुर्द में बाउड्रीवॉल के अभाव में स्कूल छात्र-छात्राओं व शिक्षक शिक्षिकाओं को भारी दिक्कतो व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल परिषर में बांउड्रीवॉल निर्माण के अभाव में शाम होते ही असामाजिक लोगों के शराबियों का जमावड़ा शाला परिषर में प्रवेश कर जाते हैं तथा शाम होते ही शराब सेवन करते हैं। वहीं असमाजिक तत्वों द्वारा स्कूल परिषर में शराब पीकर बाटल स्कूल परिसर में छोड़कर चले जाते हैं। साथ ही साथ स्कूल परिषर में तोड़-फोड़ तक कर देते हैं।

जिससे स्कूल परिषर व अन्य सामाजित तत्वों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। स्कूल परिषर में बांउड्रीवॉल नहीं होने से आवारा मवेशियों का भी खतरा बना हुआ है। जिस पर ग्रामीण व पालक गणों ने शासन प्रशासन व क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को इस ओर ध्यान देने तथा स्कूल परिसर को सुरक्षित के लिए बाउंड्रीवाल का निर्माण करने की मांग की गई ताकि स्कूली बच्चों और शिक्षक को शराबियों व असामाजिक तत्वों से राहत मिल सकें।

### आवारा मवेशी हर वर्ष पौधरोपण चर जाते हैं



ग्राम जेवड़न खुर्द स्थित हायर सेकेण्डरी स्कूल में बांउड्रीवॉल के आभाव में जिससे स्कूल की खिड़की, दरवाजा को क्षतिग्रस्त व नुकसान पहुंचाया जा रहा है। वहीं स्कूल मैदान में पौधरोपण किए जाने पर पौधे सुरक्षित नहीं रह पाते। हर वर्ष पौधों को जानवरों तथा असामाजिक लोगों द्वारा नुकसान पहुंचाया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार शाम होते ही अवैध रूप से शराबियों द्वारा प्रतिदिन स्कूल परिसर में शराब की खाली बोतले, सिगरेट के पैकेट, पाउच व खाने-पीने की चीजों के रैपर से भरा नजर आता है। वहीं टूटी बोतलों के कारण छोटे बच्चो को कॉंच के टुकड़ों से चोट पहुंचती है।

# गुरुकुल में महावीर जयंती पर विशेष सभा आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नगर की प्रतिष्ठित संस्था गुरुकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा में महावीर जयंती पर विशेष सभा का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 1ली से 5वीं व 6वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने सभा का आयोजन किया, जिसमें महावीर के मुख्य उपदेश, जिओ और जीने दो के सिद्धांत अनुसार जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। वहीं क्रोध, लोभ, हिंसा व झूठ को त्यागने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों द्वारा महावीर स्वामी से संबंधित मधुर भजन प्रस्तुत किया गया। सभा के अंत में शाला प्रभारी प्राचार्य ने समस्त शालेय परिवार को महावीर जयंती की शुभकामनाएं प्रेषित की साथ ही कहा कि विद्यार्थियों को सभी धर्मों के प्रति श्रद्धा एवं जानकारी रखनी चाहिए तथा महावीर स्वामी के उपदेशों को जीवन में धारण कर भविष्य उज्जवल बनाना चाहिए। इसी वजह से संस्था ऐसी विशेष सभा का आयोजन समय-समय पर कराते आ रही है, संस्था के अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारीगण व शाला के प्रभारी प्राचार्य ने महावीर जयंती पर पूरे विद्यालयीन परिवार को शुभकामनाएं दी।

### स्काऊड गाइड टीम ने प्याऊ घर का किया भव्य शुभारंभ




**हरिभूमि कोलेगांव।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भगतपुर में भारत स्काउट एवं गाइड छत्तीसगढ़ की राज्य मुख्य आयुक्त महोदय की निर्देशानुसार बुधवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भगतपुर रानी लक्ष्मी बाई स्काऊड गाइड दल द्वारा भव्य प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया, जिसमें आने-जाने वाले ग्रामीणों व राहगीरों को प्याऊ घर में पेयजल उपलब्ध हो सके इसके लिए सराहनीय पहल करते हुए शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक के साथ-साथ छात्र-छात्राओं ने प्याऊ घर का शुभारंभ किया।

# नपा पंडरिया में धूमधाम से मनाया गया भाजपा स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया



रविवार को भाजपा स्थापना दिवस पर पूरे देश-प्रदेश धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया व केन्द्रीय नेतृत्व और प्रदेश एवं जिला के आदेशानुसार हर बुथ तक पहुंचने की कोशिश की गई है, वहीं 6 से 22 अप्रैल तक कार्यक्रम निर्धारित किया गया है उसके अनुसार 6 व 7 अप्रैल को स्थापना दिवस 8 व 9 अप्रैल को सक्रिय सदस्यता सम्मेलन तथा 13 एवं 14 अप्रैल को संविधान दिवस एवं डां अम्बेडकर के छायाचित्र का माल्यार्पण एवं उनके प्रस्तावना को पढ़कर आम नागरिकों तक पहुंचाना साथ ही साथ 14 से 22 अप्रैल तक चलो गांव की ओर, चलो घर-घर चलो अभियान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसके तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन और लोकसभा राजनांदगांव के सांसद संतोष पाण्डेय के क्षेत्र में लगातार विषयों को लेकर जन चर्चा को लेकर और साथ ही साथ सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा विधानसभा में रखे गए बातों को लेकर पंडरिया के मान सम्मान और स्वाभिमान को गौरवावित किया है। श्रीमती भावना बोहरा को उत्कृष्ट विधायक का सम्मान मिला जिसे लेकर जन-जन तक और घर-घर तक नागरिक तक पहुंचाने की कोशिश की जा रही है, जिसके तहत रविवार को पंडरिया विधानसभा क्षेत्र की दशा और दिशा दोनो को बदलने की प्रयास रहेगा जो पांच साल में डॉ रमन सिंह के सरकार के बाद पूरे छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ गया था जो आज निरंतर आगे बढ़ रही है।

### कलेक्टर ने ग्रामीणों से की सीधी बातचीत, दूसरे दिन गांगपुर में मिले 73 आवेदन

**हरिभूमि कवर्धा।** राज्य शासन के निर्देशानुसार सुशासन तिहार-2025 का प्रथम चरण कबीरधाम जिले में उत्साहपूर्वक प्रारंभ हुआ। इसी कड़ी में बुधवार को कलेक्टर गोपाल वर्मा कवर्धा विकासखण्ड के ग्राम गांगपुर पहुंचे और जमीन पर बैठकर ग्रामीणों से सीधी संवाद किया। उन्होंने सुशासन तिहार की अवधारणा, उद्देश्य एवं गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी और शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत कराया। कलेक्टर श्री वर्मा ने ग्रामीणों की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम गांगपुर में बुधवार को सुशासन तिहार के तहत 73 आवेदन प्राप्त हुए। ग्रामीणों ने ज्यादातर आदेवन जॉब कार्ड, पीएम आवास और राजस्व से सम्बन्धित आवदेन किए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर विनय पोयम, तहसीलदार, जनपद सीईओ सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थें। सुशासन तिहार के दूसरे दिन ही जिले के सभी नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में बड़ी संख्या में नागरिकों ने आवेदन प्रस्तुत किए। जिला प्रशासन द्वारा सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक समाधान पेटी के माध्यम से समस्याएं, शिकायतें और मांगें प्राप्त की जा रही हैं। यह प्रक्रिया 11 अप्रैल 2025 तक चलेगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप आयोजित इस सुशासन तिहार का उद्देश्य शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित कर पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। कलेक्टर श्री वर्मा के मार्गदर्शन में कलेक्ट्रेट, जनपद, तहसील कार्यालयों सहित पंचायत मुख्यालयों में समाधान पेटियों की व्यवस्था की गई है। कलेक्टर श्री वर्मा में बताया कि तीसरे चरण में 05 मई से 31 मई 2025 के बीच समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक 08 से 15 पंचायतों के मध्य शिविर लगेंगे, जहां आवेदकों को उनके प्रकरणों की जानकारी दी जाएगी। शिविरों की तिथि की सूचना एसएमएस और पावती के माध्यम से दी जाएगी। जिन आवेदनों का निराकरण शिविर में संभव होगा, वहीं किया जाएगा। शेष आवेदनों को एक माह में हल कर जानकारी दी जाएगी। शिविरों में जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ हितग्राही मूलक योजनाओं के आवेदन प्रपत्र भी वितरित किए जाएंगे। प्रत्येक शिविर की निगरानी हेतु खंड स्तरीय अधिकारी को प्रभारी बनाया जाएगा।

# कलेक्टर व नपाध्यक्ष ने झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

## शहर को संवारने में सभी की भागीदारी आवश्यकः चंद्रप्रकाश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत स्वच्छ अभियान में जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा भी सम्मिलत हुए। स्वच्छता अभियान में शामिल होकर कलेक्टर गोपाल वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, पार्षद गण सहित अधिकारी-कर्मचारियों ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही वहां व्यापार कर रहे दुकानदार व मकान मालिकों से कचरा सड़क पर ना डालने तथा कचरा प्रबंधन हेतु आने वाले वाहन में ही कचरा डालने अपील की गई। सड़क व नाली के ऊपर लगने वाले अवैध ठेले को हटाया गया व सब्जी मार्केट को राजीव पार्क के अंदर बैठने हेतु निर्देशित किया।

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि नगर पालिका द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में जिला अधिकारी शामिल होकर स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास करना, कवर्धा शहर के लिए गौरव की बात है उनके द्वारा वार्ड के नागरिकों से मुलाकात कर स्वच्छता अभियान के प्रति प्रेरित किया। उन्होनें कहा कि सामूहिक प्रयास से समाज में स्वच्छता का संदेश दिया जा सकता है साथ ही इस अभियान में शहर के स्वयं सेवी संस्था, समाज प्रमुख, संस्था प्रमुख व चैम्बर ऑफ कॉमर्स टीम को जोड़कर शहर को स्वच्छ बनाए जाने हेतु प्रयास किया जाएगा। इस तरह के स्वच्छता कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण, जिला अधिकारीगण के शामिल होने से न केवल शहर की सफाई होती है, बल्कि नागरिकों में भी स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ती है। साथ ही समाज में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी उत्पन्न करता है। इस अवसर पर नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, मनोज गुप्ता, रिंकेश वैष्णव, बिहारी राम धुर्वे, अजय सिंह ठाकुर, दुर्गेश अवस्थी, सुनील साहू, सौखी आहिरवार, योगेश चंद्रवंशी, शंभू देवांगन, सुरेन्द्र पाण्डेय, दीपक सिन्हा, हरीश साहू, केशरी चंद सोनी, कैलाश कौशिक, सोनू उपाध्याय सहित जनप्रतिनिधि गण, अधिकारी-कर्मचारी गण उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा वार्ड क्रं 10 राजमहल चौक में साफ सफाई कार्य का कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जायजा लिया। कलेक्टर ने हाथ में झाडू पकड़कर जनप्रतिनिधियों के साथ साफ-सफाई अभियान कार्यक्रम में शामिल होकर स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होनें कहा कि स्वच्छता का कार्य प्रेरणादायक है सभी जनप्रतिनिधि शहर को संवारने के लिए सक्रिय रूप से स्वच्छता अभियान में भाग ले। स्वच्छता की दिशा में लगातार प्रयास जारी रहें और नागरिकों में जिम्मेदारी का एहसास हो। ऐसे प्रयासों से ना केवल शहर साफ रहता है, बल्कि लोग स्वस्थ और सुरक्षित रहते हैं।

## जैन समाज ने जनहित में कराए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की

# शांति विजय महिला मण्डल की सराहनीय पहल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

बुधवार को भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के दस दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत जैन समाज की शांति विजय बहू मण्डल ने क्षय रोग पीड़ित मरीज को पौष्टिक आहार एवं किट वितरण किया, जिससे वे शीघ्र रोग मुक्त हो सके। एक अनुमान के अनुसार जिले में 200 टीवी पेशेंट है, इनमें तकरीबन 50 तो अत्यंत निर्धन परिवार से हैं। इन्हे स्वास्थ्य विभाग द्वारा 6 से 9 महीने तक की दवाई निःशुल्क दी जाती है। किंतु मात्र दवाई से ही रोग मुक्ति नहीं हो सकती है। दवा के साथ प्रोटीन युक्त भोजन की भी आवश्यकता होती है। इसी बात को ध्यान रख शांति विजय बहू मण्डल द्वारा इन्हें तीन नवकार मंत्र का स्मरण कर 50 किट वितरण किए गए। किट प्राप्तकर रोग पीड़ित भाइयों के चेहरे खुशी से खिल उठे। मण्डल की ओर से बताया गया कि भविष्य में भी इसी तरह सहायता मुहैया कराने का लक्ष्य है। कार्यक्रम में सीएचएमओ डॉ बीएल राज डीपी एम श्रीमती अनुपम तिवारी और स्वास्थ्य विभाग की समूची टीम, दवा विक्रेता संघ कबीरधाम आदि संस्थाओं से मिले सहयोग के लिए कृतज्ञता व्यक्त की गई। उपस्थित अतिथियों एवं गण मान्य लोगों में यह भी चर्चा रही की सामाजिक संस्थाएं इसी तरह आगे आए तो टीवी मुक्त भारत का कार्यक्रम आवश्यक पूरा हो सकता है। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बीएल राज ने क्षय रोग से मुक्त करने संबंधित विभिन्न जानकारी से अवगत कराया, डॉ केशव ध्रुव सिविल सर्जन ने क्या-क्या सावधानी बरती जाए यह विस्तृत रूप से बताया, जिला प्रोग्राम मैनेजर श्रीमती अनुपमा तिवारी द्वारा जैन समाज द्वारा जनहित में कराए जा रहे कार्यों की प्रशंसा कर अन्य संस्थाओं को इनसे प्रेरणा लेने का आवाहन करते हुए आभार प्रकट किया। जिला दवा विक्रेता कबीरधाम संघ अध्यक्ष अनिल दानी ने जैन समाज की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। भारतीय जैन संगठन के संभागीय अध्यक्ष अमित बरडिया ने किट वितरण का शुभारंभ कराने के पूर्व तीन नवकार मंत्र का जाप करा शीघ्र रोग मुक्त होने की कामना की। कार्यक्रम की सफलता के लिए शांति विजय बहू मंडल की अध्यक्ष नंदिता लूनिया, सचिव नेहा लूनिया, कोषाध्यक्ष रुचि लूनिया, रचना लूनिया, चेतना टाटिया, सुधा बाठिया, रेखा लूनिया सहित महिला मण्डल की सदस्यों की सराहनीय योगदान रही तथा पलाश टाटिया का उल्लेखनीय मार्गदर्शन रहा।

### विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने मूल्यांकन केन्द्र सोमनापुर नया का किया निरीक्षण



**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल सोमनापुर नया में कक्षा 5वी एवं कक्षा 8वी बोर्ड परीक्षा के उत्तरपुस्तिका को मूल्यांकन के लिए मूल्यांकन केंद्र बनाया गया। हाई स्कूल सोमनापुर नया में मूल्यांकन कार्य 30 मार्च से प्रारंभ किया गया, कक्षा 5वी कक्षा के उत्तरपुस्तिका का मूल्याकंन कार्य पूर्ण हो गया है। वही 8 वी कक्षा के सभी विषय के उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन कार्य विषय शिक्षक-शिक्षिकाओं से कराया जा रहा है। जिसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी एमके गुप्ता ने मूल्यांकन केंद्र सोमनापुर नया का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मूल्यांकन केंद्र में विषय शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा मूल्यांकन कार्य किया जा रहा है, मूल्यांकन केंद्र में पेयजल, फर्नीचर, विद्युत की समुचित व्यवस्था किया गया है तथा मूल्यांकन केंद्राध्यक्ष संतोष कुमार साहू ने बताया कि प्रति दिवस 41 मूल्यांकनकर्ता शिक्षक-शिक्षिकाएं उत्तरपुस्तिका जांच करने के लिए आ रहे है। जिसमें हिंदी, संस्कृत, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान प्रत्येक विषय से कुल 5540 अमूल्यांकित उत्तरपुस्तिका प्राप्त हुआ है। जिसमें से 4000 उत्तरपुस्तिका का मूल्याकंन कार्य पूर्ण हो गया है। मूल्यांकन केंद्र में सहायक मूल्यांकन अधिकारी ज्योति ध्रुव, मुख्य मूल्यांकनकर्ता प्रधानपाठक पलटन राम पटेल, राजेश कुमार गुप्ता, शिक्षक बुद्धूराम बघेल, महेश जायसवाल, प्रदीप जायसवाल, अमर चेलसे, सहायक मूल्यांकनकर्ता प्रताप राठौर, शैक्षिक समन्वयक एसपी डड़सेना, योगेश कुमार गुरुदिवान उपस्थित थे।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### भाजपा के संगठनात्मक विस्तार पर चर्चा

**अर्जुनी।** मंडल भाजपा के तत्वावधान पर राम मंदिर प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित कर भाजपा की सफलता एवं संगठनात्मक विस्तार एवं भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाए गए परिवर्तन, विकसित भारत पर विस्तार से चर्चा किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, रवि सिन्हा, रामकुमार गुप्ता, मंडल अध्यक्ष भुवन लाल साहू, दिनेश साहू, अजय वैष्णव, मनीष साहू, दिलीप साहू, धनराज ठाकुर, भैयालाल साहू, द्वारिका यादव, टीकाराम सोनकर, कमल साहू, लीकेश साहू, खिलेंद्र साहू, टुम्मनलाल साहू, राजेश साहू, गजेंद्र राजा साहू, संदीप साहू, प्रभुदत्त सोनकर, हुकम साहू, उमेश साहू, संजू, देवलाल साहू, मोहन साहू, आसाराम साहू, विशेश्वर निषाद, मुकेश निषाद, कुलेश्वर निषाद, मामेश साहू, भावेश निक्की, डॉ मनोज, कमलेश सोनकर, पूनम साहू आदि शामिल हुए। यह जानकारी दुर्गेश सिन्हा ने दी।

## निधन

### राजू अग्रवाल



**खैरागढ़।** ईतवारी बाजार निवासी वरिष्ठ पत्रकार राजू अग्रवाल का मंगल-बुध की दरमियानी रात हार्ट अटैक से आकस्मिक निधन हो गया। प्रदेश के विभिन्न समाचार पत्रों में बतौर संवाददाता कार्य करने के बाद वो वर्तमान में अपना स्वयं का अखबार चला रहे थे। परिजनों व गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में अमलीपारा मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि पुत्र इंद्रजीत अग्रवाल ने दी।

### सुशासन तिहार पंचायतीराज के प्रभावी क्रियान्वयन की एक बानगी

# शिकायत एवं मांगों को लेकर जनसामान्य बड़ी संख्या में पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में जनसरोकार से जुड़े स्थानीय समस्याएं, शिकायत एवं मांगों के समाधान के लिए जनसामान्य बड़ी संख्या में आवेदन जमा करने उत्साह के साथ आगे आ रहे हैं। सुशासन तिहार लोकतंत्र एवं पंचायतीराज के प्रभावी क्रियान्वयन की एक बानगी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार द्वारा आम जनता के द्वार तक पहुंचकर समस्या का समाधान करने के लिए संवाद की एक सशक्त कोशिश है। जनमानस के हितों के लिए विश्वसनीय, प्रतिबद्ध, पारदर्शी एवं जवाबदेह सरकार की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाए गए हैं। इसी कड़ी में आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम खुटेरी, भर्रेगांव एवं मोखला में बड़ी संख्या में जनसामान्य आवेदन लेकर ग्राम पंचायत पहुंचकर समाधान पेटी में अपने आवेदन जमा किए। आम जनता विद्युत, पेयजल, पेंशन, आवास, साफ-सफाई, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए ओवदन लेकर पहुंचे थे। महिलाओं में आवेदन देने के लिए बहुत उत्साह था।



### पहला चरण 11 तक

उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान, विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाने तथा जनता से सीधे संवाद करने के उद्देश्य से शहरी से लेकर ग्रामों तक सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। पहले चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए जा रहा हैं। दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरे एवं अंतिम चरण में 5 मई से 31 मई 2025 के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री की यह पहल प्रशंसनीय

ग्राम खुटेरी की गौरीबाई यादव ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान के लिए आवेदन किया है और आज उन्हें अपनी बातों को रखने के लिए सुनहरा अवसर मिला है। उन्होंने यह उम्मीद जाहिर की सुशासन तिहार में उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आम जनता की बात सुनने के लिए सीएम विष्णुदेव साय की यह पहल प्रशंसनीय है। खुटेरी की श्रीमती लता यादव एवं शांति साहू ने बताया कि उन्होंने पीएम आवास योजना के तहत पक्के मकान के लिए आवेदन किया है। वहीं ग्राम खुटेरी के जगतराम साहू ने पेंशन के लिए आवेदन किया है। उन्होंने बताया कि कुछ वर्ष पहले दोनों पैर फ्रैक्चर हो गया था। जिसके कारण अच्छे से कार्य करने में असमर्थ है। ग्राम भर्रेगांव के उत्तम कुमार साहू ने बताया कि भूमिहीन कृषि मजदूर योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया है। श्रीमती चित्ररेखा साहू एवं महेश चन्द्राकर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान के लिए आवेदन किया। वहीं ग्राम मोखला की श्रीमती नेमीनबाई साहू ने बताया कि गटर-नाली की समस्या के निराकरण के दिए आवेदन दिया।

# प्रो डॉ. लवली शर्मा बनी संगीत विश्वविद्यालय की नई कुलपति

- लंबे इंतजार के बाद विवि को मिला योग्य कुलपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

लंबे समय से नेतृत्व के स्थायित्व का इंतजार कर रहे इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय को



आखिरकार एक अनुभवी और योग्य कुलपति मिल गया है। राज्यपाल एवं कुलाधिपति द्वारा जारी आदेश के तहत प्रो. लवली शर्मा को विश्वविद्यालय का नया कुलपति नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति विश्वविद्यालय अधिनियम 1956 संशोधन एवं 2021 की धारा 12 (1) के अंतर्गत की गई है।

गौरतलब है कि बीते कुछ वर्षों से विश्वविद्यालय लगातार विवादों में घिरा रहा है। पूर्व कुलपति डॉ. ममता चंद्राकर के कार्यकाल से ही विश्वविद्यालय की कार्यशैली पर सवाल उठते रहे। ममता चंद्राकर के पास कुलपति पद हेतु आवश्यक योग्यता अर्थात कम से कम दस वर्षों का अध्यापन अनुभव का अभाव था, बावजूद इसके उन्हें पद पर नियुक्त किया गया था। इस निर्णय की व्यापक आलोचना हुई और इससे विश्वविद्यालय की साख पर भी असर पड़ा। पूर्व कुलपति के कार्यकाल के बाद विवि में स्थायी कुलपति की नियुक्ति नहीं हो पाई थी। पिछले कई महीनों से कुलपति का प्रभार संभागायुक्त को सौंपा गया था, जिससे विवि प्रशासन में स्थायित्व की कमी महसूस की जा रही थी। ऐसे में प्रो. लवली शर्मा की नियुक्ति को विवि के लिए एक सकारात्मक मोड़ माना जा रहा है।

### संगीत शिक्षा में लंबा अनुभव

वर्तमान में दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट आगरा में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत प्रो शर्मा संगीत शिक्षा में लंबा अनुभव रखती हैं और उनकी अकादमिक साख भी मजबूत है। प्रो. लवली शर्मा भारतीय शास्त्रीय संगीत सितार पढ़ाती हैं। वे स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर सितार की प्रैक्टिकल क्लास के साथ-साथ श्रुति, स्वर विभाजन और रागों का विश्लेषण भी पढ़ाती हैं। उनके रुचि के क्षेत्र संगीत से जुड़ी चिकित्सा, संगीत का अध्ययन, संगीत शिक्षा, घरानों की परंपरा और लोक संगीत हैं। उनके 26 रिसर्च पेपर और 7 किताबें प्रकाशित हो चुकी हैं। वे एक मशहूर संगीत विशेषज्ञ और संगीत से इलाज करने वाली विशेषज्ञ (म्यूजिक थैरेपिस्ट) हैं। उन्हें सितार की मैहर परंपरा में प्रशिक्षण मिला है। उनके नेतृत्व में विवि को न केवल प्रशासनिक स्थायित्व मिलेगा, बल्कि शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को भी एक नई दिशा मिलने की उम्मीद है। राजभवन की ओर से जारी आदेश में उल्लेख है कि उनका कार्यकाल विवि अधिनियम और परिनियमों के अनुसार निर्धारित होगा। आदेश पर राज्यपाल के उप सचिव हिना अनिमेष नेताम के हस्ताक्षर हैं और इसकी प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, उच्च शिक्षा सचिव, दुर्ग संभागायुक्त, विश्वविद्यालय के कुलसचिव सहित सभी संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर दी गई है। विवि से जुड़े कई विद्वानों और पूर्व शिक्षकों ने प्रो. शर्मा की नियुक्ति का स्वागत करते हुए कहा है कि यह निर्णय विश्वविद्यालय की गरिमा को पुनस्थापित करने में अहम भूमिका निभाएगा वही सालो से वाजिब मार्गदर्शन व नेतृत्व के अभाव मे दिनोदिन गिरती साख से जूझते संगीत विवि को नवीन आयाम मिलेगा और सांगीतिक शिक्षा के साथ साथ विकास भी नजर आएगा।

# दुष्कर्म मामले में हो फांसी, समाज ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर यादव समाज राजनांदगांव द्वारा 8 अप्रैल को कलेक्टर के माध्यम से राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम रामनवमी के दिन नौकन्या भोजन में जा रही 6 साल की मासूम की दुष्कर्म कर गला घोटकर हत्या होने के मामले को लेकर ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर नगर यादव समाज के मन्ना यादव, दुर्गेश यादव, महेश यादव, राधेलाल यादव, गरीब यादव, उपेन्द्र यादव, शीलू यादव, रितेश यादव, भोला यादव, विजय यादव, अशोक यादव, हरीश यादव, दुर्गाप्रसाद यादव, रमेश यादव, मीना लव यादव, मंजू यादव, मधु यादव, आरती यादव, सरस्वती यादव, रीना यादव, गौरी यादव, लीला यादव, मनोहर यादव, मदन मोन्टू यादव, अभ्यास यादव, शेखर यादव, विनोद यादव, दिलीप यादव, दिग्विजय यादव, विकास यादव, महेन्द्र जघेल, मानुशाली, राकेश यादव, दीपक यादव, रोहित यादव आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी दुर्गाप्रसाद यादव ने दी।



### समाज में आक्रोश

नगर यादव समाज द्वारा राज्यपाल और मुख्यमंत्री से ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि अपराधी कोई भी हो फांसी की सजा होनी चाहिए। बेटियां देवी स्वरूप होती है, जिसे हम लोग नवरात्रि में कन्या भोजन कराने के लिए दर-दर भटकाते हैं। उन्हीं बेटियों के साथ आज हैवानियत की हदें पार कर रिश्तों को तार-तार कर के रखा दिया गया है। आज मां-बाप किस-किस पे भरोसा करे।

# शिकायतों के बाद भी अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई क्यों नहीं? : अभिमन्यु

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु मिश्रा ने शहर में बढ़ रहे अवैध प्लाटिंग के मामलों में चिंता जताते कहा है कि इससे राजस्व को तो हानि होती ही है। साथ ही ग्राहक को भी भविष्य में बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहने सहित बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हाल ही में विधायक अनुज शर्मा ने विधानसभा में यह मुद्दा उठाया था, जिस पर विधानसभा अध्यक्ष ने त्वरित संज्ञान लेने के आदेश दिए थे, किंतु सबसे चिंताजनक विषय यह है कि उनके स्वयं के क्षेत्र में उनकी नाक के नीचे लगातार शिकायतों के बाद भी अवैध प्लाटिंग का कारोबार फल-फूल रहा है, कोई कार्रवाई भी नहीं हो रही है। इनमें हाल में ही प्रमुख रूप से वार्ड क्रमांक 1 बजरंगपुर नवागांव अंतर्गत बापुटोला में मोरध्वज देवांगन एवं उनके साथियों द्वारा प्रीकास्ट वॉल निर्मित कर लगातार अवैध प्लाटिंग किए जाने की शिकायत वार्ड पार्षद राजा तिवारी द्वारा की गई थी। ख.नं. 11/183, कुल रकबा 0.6160 हे., ख.नं. 23/8 रकबा 0.4670 हे., ख.नं. 11/2 कुल रकबा 0.4700 हे., 11/75, 22/1, 23/1, 11/76, 11/5, 24/1 तथा 27/1 को टुकड़ों में बेचने की तैयारी मोरध्वज देवांगन द्वारा की जा रही है। यह शिकायत भी पूर्व में की गई थी, कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

# सांसद प्रतिनिधि भागवत ने किया स्काउट गाइड के प्याऊ का उद्घाटन




हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

भारत स्काउट गाइड की जिला इकाई के तत्वाधान में प्याऊघर का उदघाटन सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह ने किया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी व जिला आयुक्त लालजी द्विवेदी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी नीलम सिंह राजपूत, जिला सचिव केके वर्मा, ब्लॉक सचिव सुनील कुमार गुनी, व्याख्याता कमलेश्वर सिंह, शिरीष पांडेय, डाइट के प्रभारी प्राचार्य डॉ. सुनील शर्मा, क्रीड़ा अधिकारी कन्हैया पटेल, आत्माराम साहू सहित स्काउट गाइड के कैडेट्स मौजूद रहे।

प्याऊ घर खोलने पर शुभकामना देते हुए सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह ने कहा भीषण गर्मी पड़ रही है। ऐसे में भारत स्काउट गाइड के माध्यम से किया गया नेक व सार्थक पहल सराहनीय है। पुराने बस स्टैंड मे बड़ी संख्या में आम लोगों की आवाजाही रहती है। ऐसे में इस स्थल पर प्याऊ घर खोला जाना श्रेयस्कर है। गौरतलब है कि पुराना बस स्टैंड में प्याऊ घर खुलने से बड़ी संख्या में लाँजी क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले राहगीरों को काफी राहत मिलेगी। स्काउट गाइड के कैडेट्स इस प्याऊ घर में लगातार सेवा देंगें। सुनील कुमार गुनी ने बताया कि इसके लिए अलग अलग स्काउट गाइड को कार्य बांटा गया है।

# भागवत कथा सुनने पहुंचे विक्रांत सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

छुईखदान ब्लॉक के ग्राम गोकना में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह भाजपाइयों के साथ शामिल हुए। कथा व्यास से आशीर्वाद बाद सभी ने काफी देर तक कथा प्रसंगों का श्रवण किया।

जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन से जनमानस में आपसी भाईचारे की भावना के साथ सहयोग की भावना का विकास होता है। श्रीमद् भागवत या अन्य धार्मिक अनुष्ठान व कार्यक्रमों से क्षेत्रीय वातावरण शुद्ध व निर्मल होता है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा सुनकर काफी सुखद अनुभूति होती है। लोगों में संस्कार का प्रवाह होता है। हमें प्रवचन को अपने जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर भाजपा नेता राकेश ठाकुर, छुईखदान जनपद उपाध्यक्ष राजू जंघेल, लीला राम साहू, दुजेराम वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# दुर्ग में दरिंदगी की शिकार मासूम बच्ची, फूटा आक्रोश, गृहमंत्री शर्मा का किया पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

दुर्ग जिले में 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म व हत्या की वीभत्स घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। घटना के बाद प्रदेशभर में आक्रोश का माहौल है। कांग्रेस पार्टी ने शहर में विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधा और राज्य के गृहमंत्री विजय शर्मा का पुतला दहन किया।

प्रदर्शनकारियों ने गृहमंत्री से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे की मांग की है। विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, नपा नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन व भूपेंद्र वर्मा के नेतृत्व में अम्बेडकर चौक पर आयोजित प्रदर्शन में मौजूद सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता और आम नागरिक एकत्र हुए।

मनराखन देवांगन ने इस जघन्य घटना की तीव्र निंदा करते हुए कहा नवरात्रि के पावन अवसर पर जहां पूरा देश बेटियों की पूजा कर रहा था, वहीं दुर्ग में एक चाचा ने अपनी ही भतीजी के साथ दुष्कर्म कर रिश्तों को तार-तार कर दिया। यह घटना प्रदेश की कानून व्यवस्था पर गम्भीर सवाल खड़ा करती है। भाजपा सरकार में महिलाएं और बच्चियां असुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दुष्कर्म की बढ़ती घटनाएं सरकार की विफलता का प्रतीक हैं और गृहमंत्री विजय शर्मा को इस घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। अगर वे इस्तीफा नहीं देते हैं तो मुख्यमंत्री को हस्तक्षेप कर उन्हें पद से हटाना चाहिए।

अम्बेडकर चौक पर भाजपा सरकार व गृहमंत्री विजय शर्मा के पुतला दहन दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कहा कि भाजपा शासन में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और आमजन खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

### कांग्रेस ने बनाई जांच समिति

घटना की निष्पक्ष जांच के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पांच सदस्यीय जांच दल का गठन किया है। दल संयोजक बालोद विधायक संगीता सिन्हा होंगी। टीम जल्द ही घटनास्थल का दौरा करेगी और पीड़ित परिवार, स्थानीय जनप्रतिनिधियों व पुलिस अधिकारियों से बातचीत कर पूरे घटनाक्रम की रिपोर्ट तैयार कर पीसीसी को सौंपेगी। प्रदर्शन मे कांग्रेस नेता विप्लव साहू, महिला जिलाध्यक्ष अध्यक्ष आरती महोबिया, गैंदलाल कुर्रे, भूखन बंजारे, हरजीत सिंह, संदीप सिरमौर, रामकुमार जांगड़े, रविंद्र सिंह गहरवार, महेश यादव, सूर्यकांत यादव, पूरन सारथी, भरत चंद्राकर, शेखर दास शानू, नरेन्द सेन, यतेंद्रजीत सिंह, हेमदास बंजारे, गोपी रजक, उमेश साहू, सूरज देवांगन, विस्वजीत सिंह, सतीश वर्मा, नरेन्द्र टंडन, घनश्याम, गैन्दू, अरथराम मारकंडे, अल्ताफ अली, अजय देवांगन, विनोद सिन्हा, राजेश देवांगन, नरेश सिन्हा, रामचंद्र वर्मा, हंस राज वर्मा, सतीश वर्मा, नगेश्वर बघेल, जयपाल वर्मा, गोविन्द देवांगन सहित अन्य मौजूद थे।

### स्थायी समितियां गठित करने का प्रावधान है

# जिपं में स्थाई समितियों का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

छग पंचायती राज अधिनियम अंतर्गत जिला पंचायत में स्थायी समितियों का गठन किया गया। जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने बताया गया कि अधिनियम 1993 की धारा-47 के अंतर्गत जिपं की स्थायी समितियां गठित करने का प्रावधान है, जिसके अंतर्गत पांच स्थाई समितियों के अलावा जिला पंचायत सदस्यों द्वारा तीन अतिरिक्त समितियों का प्रस्ताव किया गया।

उपरोक्त सभी समितियों में सदस्यों सहित सभापति का निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। निर्वाचन को लेकर कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा द्वारा अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर को पीठासीन और उपसंचालक गीत कुमार सिन्हा को सहायक पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया था। सदस्यों को निर्वाचन प्रक्रिया से अवगत कराने के बाद प्रत्येक समिति सदस्यों को प्रक्रिया से अवगत कराया गया। निर्वाचन बाद श्रीमती प्रियंका ताम्रकार को सामान्य प्रशासन समिति का सभापति, विक्रांत सिंह को शिक्षा समिति का सभापति, दिनेश वर्मा को कृषि समिति का सभापति, ललित चोपड़ा को संचार व संकर्म समिति का सभापति, जमुना कुर्रे को सहकारिता व उद्योग समिति का सभापति, श्रीमती अरुणा सिंह को स्वास्थ्य, स्वच्छता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी व जल संसाधन समिति का सभापति, श्रीमती भुनेश्वरी देवांगन को महिला बाल विकास व समाज कल्याण समिति का सभापति और श्रीमती हेमलता मंडावी को वन व खनिज समिति के सभापति की जिम्मेदारी दी गई।



### शैलेंद्र को मिला वन समिति

इसी प्रकार जनपद पंचायत में सामान्य प्रशासन विभाग का पदेन सभापति अध्यक्ष श्रीमती डॉ राजेश्री त्रिपाठी और शिक्षा विभाग का पदेन सभापति उपाध्यक्ष लखनलाल साहू को बनाया गया जबकि शैलेन्द्र मिश्रा वन एवं खनिज विभाग, डीलेश्वरी साहू सहकारिता एवं उद्योग विभाग, दीक्षा पूर्णचंद गुप्ता महिला एवं बाल विकास विभाग, पुरुषोत्तम साहू संचार एवं सकर्म विभाग,श्रीमती लक्ष्मी वर्मा स्वास्थ्य स्वच्छता एवं जल संसाधन विभाग, कोमल वर्मा कृषि विभाग और किरण माणिकपूरी को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं राष्ट्रीय आजीविका मिशन विभाग का निर्विरोध सभापति चुना गया।

# शिविर का सांसद ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

सरकार के मुखिया विष्णु देव साय की मंशानुरूप सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान पेटी रखकर लोगों से आवेदन लिया जा रहा है जिसे लेकर आमजनों में उत्साह देखा जा रहा है। सांसद संतोष पांडे ने बुधवार को सुशासन शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर पंचायत छुईखदान के शिविर में आवेदनों की जानकारी ली और मौजूद अधिकारियों को शिकायत एवं मांगों का निराकरण करने का निर्देश दिए। उन्होंने मौजूद व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

सांसद श्री डे ने शिविर में आवेदन देने पहुंचे लोगों से चर्चा की। उन्होंने लोगों से आवेदन करने में आ रही समस्या के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने आवेदन देने पहुंची दो आवेदिका से बात भी की।



सांसद श्री पांडे ने उनके आवेदन स्वेच्छाअनुदान से संबंधित होने के कारण तत्काल प्रेषित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। सांसद श्री पांडे ने कहा कि सुशासन तिहार शासकीय कामकाज में पारदर्शिता लाने तथा शासकीय योजनाओं, कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए महत्वपूर्ण है। राज्य शासन की मंशानुरूप समुचित लाभ नागरिकों को सुनिश्चित कराना अत्यंत आवश्यक है। इस दौरान भाजपा नेता प्रेमनारायण चंद्राकर, राजलक्ष्मी पंसारी, कौशल चंदेल, विक्रांत चंद्राकर, सिलौटिया सहित अन्य मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**कवर्धा।** स्व. श्रीमती सुधा देवी स्मृति नर्सिंग महाविद्यालय, कबीरधाम द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 09 अप्रैल 2025 को जिला चिकित्सालय, कबीरधाम में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का विषय स्वास्थ्य शुरूआत आशावादी भविष्य था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिविल सर्जन डॉ. केशव ध्रूव, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. विनय कौशिक (तथा अन्य चिकित्सक डॉ. सलिल मिश्रा और डॉ. हर्सित) उपस्थित थे। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती नारायणी साहू, सहायक प्राध्यापक श्रीमती शीजा, सहायक प्राध्यापक सुश्री पूनम एक्का एवं प्रदर्शक श्रीमती आभा ठाकुर के मार्गदर्शन में बीएससी नर्सिंग छात्राओं द्वारा एक लघु नाट्य मंचन एवं पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। नाट्य मंचन के माध्यम से छात्राओं ने आम जनता को माता एवं शिशु के स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूक किया, खासकर गर्भवस्था के दौरान सही खानपान, देखभाल, दवाइयों और टीकाकरण के महत्व पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। उनका उद्देश्य यह था कि यदि इन महत्वपूर्ण पहलुओं का पालन किया जाए तो न केवल बच्चों का भविष्य बेहतर बनेगा, बल्कि समग्र देश का भविष्य भी उज्जवल होगा।

### बिना अनुमति नलकूप खनन पर प्रतिबंध

**कवर्धा।** सगर्मी के मौसम में पेयजल की संभावित कमी को ध्यान में रखते हुए कबीरधाम जिला प्रशासन ने ठोस पहल करते हुए पूरे जिले को जलाभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने छत्तीसगढ़ पेयजल परीक्षण अधिनियम 1986 (कमांक-3) 1987 की धारा 03 के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए यह आदेश जारी किया, जो 10 अप्रैल 2025 से 30 जून 2025 तक प्रभावशील रहेगा। इस आदेश के तहत, उक्त अवधि में सक्षम प्राधिकृत अधिकारी की पूर्वानुमति के बिना कोई भी व्यक्ति या संस्था नलकूप खनन नहीं कर सकेगी, चाहे वह पेयजल के लिए हो या किसी अन्य प्रयोजन के लिए। यह प्रतिबंध जिले के समस्त नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लागू होगा।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं ने मांगों एवं समस्याओं को लेकर डिप्टी सीएम को सौंपा ज्ञापन

- जल्द मांगे पूरी नहीं होने पर कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं ने दी चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

विधायक कार्यालय में कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय मजदूर संघ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका ने मुलाकात की तथा छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पिछले कई वर्षों में लंबित मागों व विभागीय कार्यो में हो रही समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन भी सौंपा। इस अवसर पर संघ की पदाधिकारियों ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से चर्चा करते हुए कहा कि संघ के द्वारा धरना प्रदर्शन, रैली व अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से लगातार केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार को अपनी मांगों व समस्याओं से अवगत कराया जा रहा है। किंतु केन्द्र व राज्य सरकार कार्यकर्ताओं सहायिकाओं की मांगों के प्रति कोई गंभीरता नहीं दिखा रही है। जिससे संघ में काफी असंतोष व्याप्त है। पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार सिर्फ कर्मियों के कार्य में ही बढ़ोतरी कर रही है जबकि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकों के मानदेय में कोई बढ़ोत्तरी नहीं की जा रही है। जिसके चलते कार्यकर्ता व सहायिकाओ को गंभीर आर्थिक, मानसिक समस्याओं से जूझना पड़ रहा है।

पदाधिकारियों ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं द्वारा 0 7 मार्च 2025 को छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में कलेक्टर के माध्यम से केन्द्र व राज्य सरकार को ज्ञापन दिया जा चुका है, बावजूद इसके सरकार ने संघ के मांगो पर अब तक कोई विचार नहीं किया है न ही कोई बैठक आयोजित की गई हैं। हाल ही में श्रमिक वर्ग के लिए श्रम मंत्रालय द्वारा न्यूनतम वेतन पर विचार कर बढ़ौतरी की गई, परंतु कार्यकतों सहायिका के लिए निश्चित पारिश्रमिक मानदेय पर कोई विचार नहीं किया गया है। जबकि पिछले लंबे समय से संघ की मांग है न्यूनतम वेतन सम्मानजनक मानदेय कार्यकर्ता सहायिका को दिया जाए ताकि उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले कई वर्षों से न तो केन्द्र के बजट में, न राज्य के बजट में मानदेय बढ़ोत्तरी का कोई प्रावधान नहीं किया गया है।



### छः घंटे की जगह बारह घंटा लिया जाता हैं कार्य

ज्ञापन देने आई सोनिया मरावी ने बताया कि सरकार हमें ऑनलाइन काम तो दे दिया है लेकिन उसके लिए कोई प्रशिक्षण नहीं दिया गया है, न ही अच्छी स्टोरेज की मोबाइल फोन दी जा रही है। आए दिन नए-नए एप डाउनलोड कर उस पर कार्य करने का दिशा निर्देश अधिकारीयों द्वारा व्हाट्स ग्रुप में 12 बजे रात तक दिया जा रहा है। कार्यकर्ता सहायिका किन-किन परिस्थितियों में वो कार्य पूरा कर रही है इस समस्या पर विचार नहीं किया जा रहा है। 6 घंटे के बजाय 10 से 12 घंटे कार्य कराया जा रहा है। नेटवर्क समस्या को कार्यकर्ता सहायिका के मानदेय कटौती से जोड़ा जा रहा है जो बहुत ही दुखद विषय है। संघ ने शासन से उनकी सभी मांगों व समस्याओं पर तत्काल कार्यवाही किए जाने की मांग उप मुख्यमंत्री से ही है। वहीं चेतावनी दी है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं की मांगों को जल्द से जल्द पूरा नहीं किया गया तो वे चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने पर बाध्य होंगी।

**सावधान:** परीक्षा में पास कराने परिक्षार्थियों व उनके पालकों को फर्जी कॉलर कर रहे

# बोर्ड परीक्षा सम्पन्न होने के बाद ठग गिरोह सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षा सम्पन्न होने के बाद एक बार फिर परिक्षार्थियों को बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंकों से पास कराने का झांसा देकर परिक्षार्थियों और उनके पालकों को ठगी का शिकार बनाने वाला गिरोह सक्रिय हो गया। बताया जाता है कि इस ठग गिरोह के सदस्यों द्वारा बकायदा परिक्षार्थियों और उनके पालकों से उनके मोबाईल नम्बरों में संपर्क कर उनकी समुचित जानकारी देते हुए बोर्ड परिक्षाओं में परिक्षार्थी को पास कराने का दम कर रहा है और इसके बदले पैसों की मांग कर रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षा समाप्त हो चुकी है और वर्तमान में इन बोर्ड परिक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य चल रहा है। बताया जाता है कि पूर्व वर्ष 2024 में भी बोर्ड परीक्षा में पास करने के लिए छात्रों एवं उनके पालकों को इसी ठग गिरोह द्वारा फर्जी फोन कॉल कर उन्हें अपनी ठगी का शिकार बनाया था और अब इस बार भी बोर्ड परीक्षा के ये ठग गिरोह कबीरधाम जिले सहित पूरे प्रदेश में सक्रिय हो चुका है। फर्जी कॉलर द्वारा परीक्षा परिणाम सुधारने के लिए परिक्षार्थियों से अनुचित मांग की जा रही है। ऐसे में जो भी परिक्षार्थी अथवा उनके पालक इन ठगों के झांसे में आ रहे हैं निश्चित रूप से वे ठगों का शिकार बन रहे हैं। ऐसे में बेहतर यही होगा कि बोर्ड परिक्षा के परिक्षार्थी तथा उनके पालक ऐसे किसी फर्जी कॉलर की बातों में न आएं।

### ठगों के पास बोर्ड परिक्षार्थियों की समुचित जानकारी उपलब्ध




हैरानी की बात यह है कि इन सातिर ठगों के पास छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले परिक्षार्थियों की समुचित जानकारी है। कुछ ऐसे लोग जिनके पास इस तरह के कॉल आ चुके हैं उन्होने बताया कि फर्जी कॉलर द्वारा बकायदा परिक्षार्थी का नाम, उसके पिता का नाम उसकी कक्षा तथा संबंधित विषय में प्राप्त कम अंकों की जानकारी देकर तथा परिक्षार्थी के अंक बढ़ाकर उन्हें संबंधित विषय में पास कराने की बात कही जा रही है।

### छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने की अपील

हालांकि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा इस तरह की ठगी को संज्ञान में लेते हुए बोर्ड परीक्षा में पास करने के लिए छात्र/छात्राओं एवं पालकों को किसी भी प्रकार का फर्जी फोन कॉल आने पर उस पर ध्यान न देते हुए अनावश्यक किसी प्रकार का लेन-देन की कार्यवाही न करें तथा उक्त फर्जी कॉल के संबंध में अपने नजदीकी पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराने की अपील लोगों से की गई है। मण्डल ने यह भी कहा है कि इस प्रकार के फर्जी कॉल का छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल से कोई संबंध नहीं है। अतः छात्र/अभिभावक फर्जी कॉल से भ्रमित न होवें एवं सतर्क रहें।



# धान से भरा तेज रफ्तार ट्रक निर्माणाधीन मकान में घुसा

## बाल-बाल बची महिला, मकान का बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭चिल्फीघाटी

जिले के चिल्फीघाटी थाना मुख्यालय में बुधवार को एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक निर्माणाधीन मकान में घुसकर पलट गया। इस दुर्घटना में जहां पीड़ित ग्रामीण का निर्माणाधीन मकान क्षतिग्रस्त हो गया वहीं पीड़ित पत्नी बाल-बाल बच गई। हालांकि घटना के बाद इस मामले में आरोपी चालक के संबंध में पुलिसिया कार्यवाही की जानकारी नहीं मिल पाई है लेकिन पीड़ित ग्रामीण ने शासन-प्रशासन से मुआवजा की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर ट्रक क्रमांक सीजी 09 जेजी 0465 का अज्ञात चालक सेवा सहकारी समिति चिल्फी से धान उठाव करने आया था। बताया चाता है कि धान खरीदी केन्द्र से धान ट्रक लोड कर चालक निकला ही था कि महज कुछ मीटर चलने के बाद उसने अपने तेज रफ्तार ट्रक से नियंत्रण खो दिया और अनियंत्रित ट्रक सड़क किनारे बने एक निर्माणाधीन मकान में जा घुसा तथा पलट गया। इस दुर्घटना में निर्माणीधीन मकान के मालिक खेमराज साहू के मकान का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया वहीं मकान में काम कर रही श्री यादव की पत्नी बाल-बाल बच गई। पीड़ित ग्रामीण श्री यादव ने बताया कि वह प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिली राशि तथा अपने पास की राशि से मकान का निर्माण करा रहा था। लेकिन आज ट्रक के निर्माणाधीन मकान में घुसने मकान का एक बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे उसे बड़ा नुकसान उठाना पड़ गया। पीड़ित ने शासन-प्रशासन से मुआवजा की मांग की है।

### ओव्हर लोडिंग के चलते हादसा

बताया जाता है कि इन दिनो जिले के धान खरीदी केन्द्रों में डंप पड़े धान का उठाव किया जा रहा है। लेकिन धान उठाव में लगे ट्रकों में नियम कायदों को ताक में रख कर ओव्हर लोड धान का परिवहन किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि चिल्फी सेवा सहकारी समिति से भी दुर्घटना का शिकार ट्रक ओव्हर लोड धान भरकर निकला था। जिसके चलते चालक ट्रक पर से अपना नियंत्रण खो बैठा और यह हादसा हो गया।

### कार्यवाही की मांग

लोगों ने इस तरह से ओव्हर लोड धान का परिवहन करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की मांग शासन-प्रशासन से की है। जो अपने साथ दूसरों की जान भी जोखिम में डाल रहे हैं। यहां बताना लाजिमी होगा कि वास्तव में इस तरह के धान से भरे ओव्हर लोड ट्रकों को जिले के कई मार्गो में देखा जा सकता है। जो तेज गति से आबादी क्षेत्रों में ही फर्राटे भरने से गुरेज नहीं कर रहे है। ऐसे में निश्चित रूप से प्रशासन को इस पर कार्यवाही करनी चाहिए।

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ ने किया प्याऊ घर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कबीरधाम द्वारा गर्मी के मौसम में राहगीरों को राहत देने के उद्देश्य से प्याऊ घर की शुरुआत की गई। राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशन में 9 अप्रैल को कवर्धा के सिग्नल चौक, पांडातराई के बाजार चौक, भगतपुर के बाजार चौक, में प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, जिला शिक्षा अधिकारी योगदास साहू, जिला संघ अध्यक्ष शेखर बक्शी, जिला मुख्य आयुक्त रूपेश जैन, जिला उपाध्यक्ष पीयूष ठाकुर एवं सहायक संचालक डीजी पात्रा सहित स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर, स्काउटर-गाइडर, रोवर लीडर-रेंजर लीडर उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने स्काउट्स-गाइड्स के साथ मिलकर राहगीरों को शीतल जल सेवा प्रदान की। यह प्याऊ घर पूरे गर्मी भर संचालित रहेगा, जिसमें प्रतिदिन स्काउट्स एवं गाइड्स सेवा भावना के साथ राहगीरों को जल सेवा प्रदान करेंगे। यह पहल न केवल सामाजिक सरोकार का उदाहरण है, बल्कि स्काउट्स गाइड्स की सेवा भावना को भी दर्शाती है। प्रथम दिवस भोरमदेव ओपन रोवर क्रू, विवेकानंद हाई स्कूल, पीएम श्री सेजेस हिंदी माध्यम विद्यालय, मां सिंहवाहिनी ओपन रेंजर टीम, सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्य विद्यालय, शासकीय हाई स्कूल कैलाश नगर के स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर ने अपनी सेवा दी।




# पंचायत सचिवों ने सरकार की सदबुद्धि के लिए किया रामायण पाठ



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रांतीय आव्हान पर बीते 23 दिनो से अपनी एक सूत्रीय शासकीयकरण की मांग को लेकर जिले के ब्लाक मुख्यालयों में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डंटे जिले के पंचायत सचिवों द्वारा अपनी मांग को लेकर अलग-अलग ढंग से शासन का ध्यान आकृष्ट कराया जा रहा है। बुधवार को पंचायत सचिवों ने जिला मुख्यालय कवर्धा में अपनी एक सूत्रीय मांग शासकीयकरण को लेकर धरना प्रदर्शन स्थल पर सरकार की सदबुद्धि के लिए रामायण पाठ का आयोजन किया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में पंचायत सचिव बकायदा माईक लगाकर रामायण पाठ करते नजर आए। पंचायत सचिवों ने कहा कि वे अपनी मांग को लेकर संघर्षरत हैं और आगे भी उनका संघर्ष जारी रहेगा। वे शांति पूर्व ढंग से इसी तरह अपनी मांग को लेकर शासन का ध्यान आकृष्ट कराते रहेंगे।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत पंजीयन जारी

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत पात्र कन्याओं का सामूहिक विवाह कार्यक्रम के लिए पंजीयन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस योजना का उद्देश्य गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों तथा मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना के तहत राशन कार्डधारी परिवारों की 18 वर्ष से अधिक उम्र की अविवाहित कन्याओं का सामूहिक विवाह कराना है। इस कार्यक्रम में विवाह के लिए वर की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। कन्याओं का पंजीयन महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना कार्यालयों में किया जा रहा है, जो निम्नलिखित स्थानों पर स्थित हैं। तरेगांव जंगल, बोड़ला, चिल्फी, पंडरिया, कुकदुर, कुण्डा, कवर्धा, दशरंगपुर और सहसपुर लोहारा। ऐसे परिवार जो उपरोक्त पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं, वे इस योजना के तहत पंजीयन करा सकते हैं। इस योजना के तहत, प्रत्येक कन्या को 35,000 रुपये की राशि प्रोत्साहन स्वरूप बैंक ड्राफ्ट, चेक के माध्यम से प्रदान की जाती है। इसके अलावा, विवाह आयोजन, वर-वधु के वस्त्र, श्रृंगार, मंगलसूत्र, पायल आदि पर 15,000 रुपए प्रति जोड़े के हिसाब से खर्च किए जाते हैं।

**संघ की मांग एवं समस्याओं के समाधान का डिप्टी सीएम ने दिया भरोसा**

# भारतीय किसान संघ ने 13 मांग, उप मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भारतीय किसान संघ ने बीते मंगलवार को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक के स्थानीय कार्यालय में पहुंचकर उनसे मुलाकात की और अपनी 13 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों की किसानो से जुड़ी सभी मांगों को गंभीरता से सुनने के बात उनका यथासंभव निराकरण कराए जाने का भरोसा दिया है। भारतीय किसान के जिलाध्यक्ष डोमन चंद्रवंशी ने बताया कि संघ ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात कर जिले में 48 नवीन सेवा सहकारी समिति बनाने का आदेश छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी किए जाने पर उप मुख्यमंत्री व शासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इससे जिले के किसानों को खाद, बीज, कृषि ऋण तथा धान बेचने में सुविधा होगी। तत्पश्चात संघ ने मुख्य रूप से जिले में नया शक्कर कारखाना खोले जाने, सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना को मंडी बोर्ड से लोन दिए जाने ताकि किसानों के गन्ने का भुगतान हो सके साथ ही अगले पेराई सत्र के लिए कारखाने का मेंटेनेंस कराए जाने, भोरमदेव शक्कर कारखाना को सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना की तरह ही नान द्वारा खरीदे जाने वाले शक्कर का अग्रिम भुगतान दिए जाने, जिससे कारखाना गन्ना किसानों के बकाया राशि का एक मुश्त भुगतान कर सके, भोरमदेव शक्कर कारखाना के पक्ष में निजी एथेनॉल कम्पनी का 24 करोड़ रूपए बकाया है उसे शीघ्र ही कारखाने को दिलाए जाने, भोरमदेव शक्कर कारखाना का आधुनिकीकरण (मॉर्डनाइजेशन) किए जाने, सूतिया पाठ जलाशय नहर नाली विस्तार कार्य को अविलंब प्रारंभ किए जाने, बकेला क्रांति जलाशय फीडर नहर निर्माण कार्य को सही गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा कराए जाने, नेवारी डायवर्सन के ऊंचाई को बढ़ाए जाने ताकि सिंचाई रकबे को बढ़ाया जा सके, सरकार द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड से मिलने वाली लोन की राशि को 3 लाख रूपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए किए जाने की घोषणा को जल्द लागू किए जाने, कवर्धा के पास जोराताल चौक को कृषि देवता भगवान बलराम चौक घोषित किए जाने, बलराम भवन के बाउंड्री निर्माण तथा किचन शेड के लिए विधायक निधि से राशि स्वीकृत किए जाने, चिल्फी के पास बहने वाली बरमसि नाले को छीरपानी जलाशय में मिलाकर सिंचाई रकबा को बढ़ाए जाने तथा यूरिया तथा डीएपी को सरकार द्वारा निर्धारित कीमत से ज्यादा कीमत पर बेंचने वाले दुकानदारों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही किए जाने की मांग की है।



# अचानक बदला अंचल का मौसम, गरज के साथ बूंदा बांदी

- मौसम के मिजाज को देख किसानो की बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

मौसम कब अपना मिजाज बदल दे इसका कोई ठिकाना नहीं है। इसका एक नजारा बुधवार को कवर्धा में देखने को मिला।

बुधवार को खिली चटख और चिलचिलाती धूप के बीच दूसरे पहर मौसम को भगवान जाने क्या हुआ कि उसने अचानक ही अपना मिजाज बदल दिया। देखते ही देखते चिलचिलाती धूप और तपिश गायब हो गई। आसमान में काली बदली छा गई और तेज आंधी तूफान शुरू हो गया। इस दौरान गरज के साथ हल्की बूंदा बांदी भी देखने को मिली।

मौसम के इस अचानक भगवान बदले मौसम के मिजाज को देख एक बार फिर किसानो के माथे पर चिंता दिखाई देने लगी है। यहां बताना लाजिमी होगा कि इन दिनो अंचल के किसान रबि फसल गेंहू, चना, मटर आदि दलहन फसलों की कटाई और मिसाई में व्यस्त हैं। ऐसे में रह रहकर जिस ढंग से अपना रंग बदल रहा है उसे दिख किसानो की चिंता बढ़ रही है। किसानो ने बताया कि इस तरह की बेमौसम बारिश और आंधी तूफान से उनकी बसल प्रभावित हो रही है। वहीं दूसरी तरह मौसम को देख उन लोगों की भी चिंता बढ़ रही है जिनके घरों में मांगलिक कार्यक्रम होने है। कुल मिलाकर देखा जाए तो मौसम का लगातार बदलता मिजाज लोगों की चिंता बढ़ा रहा है।

लेकिन दूसरी तरफ मौसम में आए इस बदलाव से लोगों को इन दिनो पड़ रही भीषण गर्मी और चटख धूप से कुछ हद तक राहत भी मिली है। मौसम बदलने के बाद कवर्धा सहित अंचल का मौसम काफी खुशनुमा नजर आया।